RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



मुकद्दस रमजान
इफ्तार रविवार
06:44 PM
सहरी सोमवार
04:42 AM



वर्ष : 26 | अंक : 105 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 07 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 'आप' का सामूहिक उपवास

## जंतर-मंतर पर जुटे दिग्गज नेता और मंत्री






**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में एक ओर जहां आम आदमी पार्टी आज जंतर मंतर पर उपवास कर रही है।

वहीं दूसरी ओर भाजपा भी आबकारी नीति घोटाले से लेकर सीएम की आवास निर्माण में हुए कथित घोटाले को लेकर कनॉट प्लेस में प्रदर्शन कर रही है।

कनॉट प्लेस में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ दिल्ली के सातों सीटों से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी भी मौजूद हैं। इस दौरान सीएम के आवास की प्रतिकृति भी वहां मौजूद हैं। जिसके तहत भाजपा नेता नागरिकों को सेल्फी लेने के लिए भी कहेंगे। दिल्ली बीजेपी आम आदमी पार्टी को उसी के तरीके से जवाब दे रही है।

बीते दिनों जब आम आदमी पार्टी ने भाजपा मुख्यालय के पास प्रदर्शन की घोषणा की थी तो वहीं भाजपा ने राजघाट पर जाकर प्रदर्शन किया था। ऐसे में रविवार को जब आम आदमी पार्टी ने जंतर मंतर पर उपवास की घोषणा की तो भाजपा ने भी प्रदर्शन की घोषणा कर दी।

आम आदमी पार्टी के सामूहिक उपवास के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर आतिशी, गोपाल राय, शैली ओबरॉय समेत अन्य कई नेता मौजूद हैं।

### आतिशी ने की अपील

"दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने एक्स पर लिखा, आज, दिल्ली और देशभर में तानाशाही के खिलाफ आप का उपवास है। सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 25 राज्यों में लोग उपवास कर रहे हैं। अपने मुख्यमंत्री के समर्थन में, आप भी इसमें जरूर शामिल हो।

# जेपी नड्डा की कार बनारस से बरामद

## दिल्ली में हुई थी चोरी, 15 दिन बाद मिली



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली पुलिस ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की हरियाणा नंबर की फॉरच्यूनर कार को बनारस, यूपी से बरामद कर लिया है। कार ढूंढने के लिए बनी विशेष टीम ने 15 दिन में कार को ढूंढ निकाला। इन 15 दिनों में कार को नौ शहरों में ले जाया गया। कार पर सांसद का स्टीकर लगा हुआ था, ऐसे में दुरुपयोग होने का अंदेशा था।

पुलिस ने बड़कल के शाहिद और शिवांश त्रिपाठी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने कई साथियों के साथ क्रेटा कार से कार को चुराकर ले गए थे। शाहिद ने फरीदाबाद में पत्नी व बच्चों को बैठा लिया, ताकि पुलिस पकड़ न सके। बड़कल में इन्होंने नंबर प्लेट बदल ली थी। आरोपियों को यूपी ले जाते हुए पता लग गया था कि ये भाजपा अध्यक्ष की कार है, बावजूद आरोपियों में खौफ पैदा नहीं हुआ।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की कार रविदास मार्ग, अरोड़ा प्रॉपर्टी के सामने, गोविंदपुरी इलाके से 18 व 19 की रात चोरी हुई थी। उनका चालक जोगिंदर सिंह कार को अपने घर ले गया था। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने एसीपी दिलीप सिंह व जिले के वाहन चोरी निरोधक दस्ता प्रभारी राजेंद्र सिंह डागर की देखरेख में करीब 12 पुलिसकर्मियों की विशेष टीम तैयार की।

ये टीम 20 मार्च को ही दिल्ली से यूपी व हरियाणा के लिए रवाना हो गई थी। आरोपी शाहिद ने बताया कि वह दिल्ली कार चोरी करने क्रेटा से आए थे। पुलिस ने इस कार को भी बरामद कर लिया है। गोविंदपुरी, दिल्ली, फरीदाबाद, बड़कल, अलीगढ़, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बरेली, लखनऊ और बनारस के बाद कार को आगे नागालैंड ले जाया जा रहा था। आरोपियों ने खुलासा किया है कि उन्होंने डिमांड पर कार चुराई थी। भाजपा अध्यक्ष की कार चोरी हुई थी, ऐसे में दिल्ली पुलिस की साख दांव पर थी।

### मैदानगढ़ी थाने का घोषित बदमाश है शाहिद

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शाहिद मैदानगढ़ी थाने का घोषित बदमाश है। इसके खिलाफ 60 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इसकी बेटी सना और दामाद फारूक को कार चुराने में सहायता करने के आरोप में बरेली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस इसके परिवार व रिश्तेदारों की तलाश कर रही है।

# मुसलमान न मनाएं ईद... मुख्तार अंसारी के लिए अपील

## सपा दफ्तर के बाहर लगे पोस्टर को देख पहुंची पुलिस

**लखनऊ ( एजेंसी )।** समाजवादी पार्टी कार्यालय के सामने लगाई गई एक होर्डिंग चर्चाओं में हैं। दफ्तर के बाहर लगे पोस्टर में मुस्लिमों से खास अपील की गई थी। उनसे ईद नहीं मनाने की अपील की गई थी। लिखा था कि मुख्तार अंसारी के निधन के शोक में खड़े होकर 2 मिनिट का मौन रखें और परिवार सहित उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें। इस विवादित पोस्टर को पुलिस ने हटवा दिया है।

लखनऊ के समाजवादी पार्टी के दफ्तर में शनिवार को यह पोस्टर लगाया गया था। जानकारी के मुताबिक यह पोस्टर समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव राम सुधाकर यादव ने लगवाया था। जिसमें लिखा था कि मुख्तार अंसारी की याद में ईदगाह के बाहर खड़े होकर 2 मिनट का मन रखा जाए। मुख्तार अंसारी के आकस्मिक निधन पर ईद ना मनाई जाए। बल्कि ईद के दिन मुख्तार अंसारी की याद में ईदगाह के बाहर खड़े होकर 2 मिनट का मौन रखा जाए। यह अपील मुस्लिम भाईयों और गैर मुस्लिम भाइयों दोनों से है।

# भाजपा नोएडा में कर रही है अनोखा कार्यक्रम

## कार्यक्रम का नाम रखा 'त्रिदेव' सम्मेलन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शहर में भारतीय जनता पार्टी एक अनोखा कार्यक्रम कर रही है। नोएडा भाजपा महानगर की तरफ से यह अनोखा कार्यक्रम रविवार (7 अप्रैल 2024) को रखा गया है। नोएडा शहर के सेक्टर-12 में होने वाले इस कार्यक्रम का नाम 'त्रिदेव' सम्मेलन रखा गया है। नोएडा भाजपा का यह 'त्रिदेव' सम्मेलन लोकसभा चुनाव के लिए किया जा रहा है। नोएडा में हो रहे भाजपा के 'त्रिदेव' सम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह होंगे। नोएडा में होने वाले इस अनोखे कार्यक्रम की जानकारी भाजपा नोएडा महानगर के महामंत्री उमेश त्यागी ने दी है।

भारतीय जनता पार्टी की नोएडा यूनिट ने नोएडा के सेक्टर-12 में एक सम्मेलन करने की घोषणा की है। रविवार की शाम को सात बजे होने वाले इस सम्मेलन में पूरे नोएडा क्षेत्र के सभी बूथें (मतदान केन्द्र) पर तैनात तीन-तीन पदाधिकारी बुलाए गए हैं। भाजपा के बूथ पर तैनात सभी अध्यक्ष, बूथ प्रभारी तथा बूथ कोषाध्यक्ष बुलाए गए हैं। बूथ पर तैनात तीन पदाधिकारियों के नाम पर ही इस सम्मेलन का नाम 'त्रिदेव' रखा गया है। नोएडा में सक्रिय भाजपा के सभी प्रमुख नेता भी भाजपा के 'त्रिदेव' सम्मेलन में मौजूद रहेंगे।

चेतना मंच के नोएडा संवाददाता ने बताया कि रविवार की शाम को नोएडा शहर के सेक्टर-12 में स्थित भवराव देवरस इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी का बूथ महासम्मेलन होगा। इस सम्मेलन में सभी 732 बूतों के अध्यक्ष प्रभारी तथा कोषाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शिरकत करेंगे। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री उमेश त्यागी ने दी है। इस सम्मेलन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हर बूथ पर 10 यूथ के संकल्प को सफल बनाने के लिए बूथ पदाधिकारी को जागरूक किया जाएगा तथा उन्हें अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा जिससे सर्वाधिक मतदान हो सके। इस कार्यक्रम में नोएडा तथा गौतमबुद्धनगर के भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी तथा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि यह बूथ महासम्मेलन चुनाव के मद्देनजर बहुत ही सक्रिय भूमिका अदा करेगा। जिससे हर बूथ पर भाजपा अधिक से अधिक मतदान करने का हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि आज की इस बूथ सम्मेलन को त्रिदेव सम्मेलन का नाम दिया गया है जिसमें बूथों के तीन प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# मुख्तार को श्रद्धांजलि देने पहुंचे अखिलेश यादव






**गाजीपुर ( एजेंसी )।** मुख्तार अंसारी की मौत पर शोक जताने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रविवार को गाजीपुर पहुंचे। वह शोक जताने के लिए फाटक स्थिति सांसद अफजाल अंसारी के घर पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

बता दें कि मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शोक जताने वालों का तांता लगा है। इसी क्रम में अखिलेश यादव भी आज गाजीपुर पहुंचे। उन्होंने मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे कालीबाग स्थित कब्रिस्तान पहुंचे। वहां मुख्तार के कब्र पर फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। डीएम और एसपी के साथ ही पुलिस की भारी टीम व पैरामिलिट्री फोर्स तैनात रही। अखिलेश यादव के आगमन की सूचना मिलते ही अफजाल के आवास के बाहर भारी भीड़ जुट गई। हालांकि भीड़ के साथ ही मीडियाकर्मियों व अन्य लोगों को भी अंदर जाने से रोका गया है।

# गुजरात यूनिवर्सिटी में नमाज के बाद बवाल

**गुजरात (एजेंसी)।** गुजरात यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में नमाज पढ़ने को लेकर विदेशी छात्रों के साथ हुए बवाल के बाद 7 अफगानी छात्रों को हॉस्टल रूम खाली करने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया है कि इनमें से 5 छात्र पहले ही हॉस्टल खाली कर चुके हैं। बता दें, पिछले महीने ही कुछ विदेशी छात्रों के हॉस्टल परिसर में खुले में नमाज पढ़ने को लेकर बवाल मच गया था। इस दौरान बाहर से 20-25 लोगों छात्रो के साथ मारपीट और तोड़ फोड़ की थी। पुलिस ने इस मामले में 25 लोगों के खिलाफ एफआईआर भी (शेष पृष्ठ-4 पर)

# सपा नेताओं का नया नारा, सम्मान नहीं तो समर्थन भी नहीं

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शहर से लेकर खुर्जा तक फैली हुई गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी (सपा) में नया नारा लगा है। नोएडा सीट पर सक्रिय सपा के नेताओं ने नया नारा दिया है। नोएडा सीट के सपा नेताओं का नारा है कि-सम्मान नहीं तो समर्थ नहीं। नोएडा सीट के ज्यादातर सपा नेता अपने लोकसभा के प्रत्याशी डा. महेन्द्र नागर से खफा हैं।

नोएडा सीट पर लम्बे अर्से से सक्रिय समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता सीधा आरोप लगा रहे हैं कि सपा प्रत्याशी डा. महेन्द्र नागर चुनाव को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। सपाईयों का आरोप है कि उनका प्रत्याशी लोकसभा के चुनाव को गांव पंचायत के प्रधानी के चुनाव की तरह से लड़ रहा है। सपा के नेताओं से ना तो कोई बातचीत की जा रही है। ना ही उन्हें चुनावी अभियान में शामिल किया जा रहा है और तो और सपा के नेताओं को प्रोपर सम्मान भी नहीं दिया जा रहा है। आरोप यह भी है कि सपा प्रत्याशी का चुनाव अभियान नोएडा से लेकर खुर्जा तक पांच विधानसभा की सीटों की बजाय अपने गांव के आसपास ही केन्द्रित होकर रह गया है। सपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि इस बार कांग्रेस के साथ गठबंधना के कारण सपा नोएडा सीट को जीतने की स्थिति में है। जीत के वातावरण के बावजूद उनकी पार्टी के प्रत्याशी का चुनावी मैनेजमेंट इतना लचर है कि नोएडा सीट पर सपा का चुनावी अभियान नजर ही नहीं आ रहा है।

इस बीच समाजवादी पार्टी के एक दर्जन नेताओं ने अपनी पीड़ा पार्टी के नेतृत्व के सामने भी रखी है। पार्टी नेताओं ने अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को एक पत्र लिखा है। पत्र में नोएडा सीट से सपा प्रत्याशी पर पार्टी के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को सम्मान ना देने की बात कही गयी है। इसी पत्र में यह नारा भी दिया गया है कि सम्मान नहीं तो समर्थन नहीं। पत्र में कहा गया है कि जब पार्टी प्रत्याशी प्रमुख नेताओं को प्रोपर सम्मान तक नहीं दे रहे हैं तो वे कैसे चुनाव में उनका समर्थन कर सकते हैं? उनके लिए कैसे वोट मांग सकते हैं?

# युवाओं में जोश भर गए भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष

## सोरखा में आयोजित हुआ भाजपा का चौपाल सम्मेलन

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सोरखा गांव में युवा चौपाल का आयोजन किय गया।

युवा चौपाल में युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य प्रांशुदत्त द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी योजनाओं और कुशल प्रशासन एवं कानून व्यवस्था के विषय में युवाओं को संबोधित किया।

उन्होंने बताया की एक तरफ जहां प्रधानमंत्री अखंड एवं समृद्ध राष्ट्र के लिए दृढ़ संकल्पित है तथा भारत विकसित राष्ट्र बने इसके लिए अपना जीवन माँ भारती की






सेवा मे समर्पित किये हुए हैं। प्रांशु दत्त द्विवेदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक तरफ 500 वर्षों के संघर्ष के उपरांत आज प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर निर्माण तथा दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए सार्वजनिक शौचालय बनाने से लेकर के प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, हर घर नल से जल इत्यादि योजनाओं का जिक्र किया।

कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री भाजयुमो पश्चिम अनुज कश्यप एवं जिले के भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## योग पुरुष

बाबा रामदेव कई मायनों में श्रद्धेय हैं। कमोबेश इस दौर के 'योग-पुरुष' हैं, जिन्होंने एक कड़ी साधना को इतना आसान बना दिया है कि औसत पार्क या सभा-स्थलों पर असंख्य लोग योगासन करते देखे जा सकते हैं। नतीजतन स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है। ऐसे 'योग-साधक' को सर्वोच्च अदालत में माफीनामा देना पड़े और न्यायिक पीठ उसे स्वीकार करने के बजाय महज 'जुबानी जमा खर्च' करार दे, तो शीर्ष अदालत की इस कड़ी चेतावनी को समझना बेहद जरूरी है। बाबा की कंपनी 'पतंजलि आयुर्वेद' एक लंबे समय से भ्रामक प्रचार करती रही है कि उसके पास ग्लूकोमा, मधुमेह, रक्तचाप, अर्थराइटिस और अस्थमा सरीखी घातक बीमारियों के स्थायी इलाज हैं। दरअसल बाबा रामदेव ही पतंजलि के उत्पादों के सार्वजनिक चेहरा हैं। विज्ञापनों में वह दावे करते देखे जा सकते हैं कि उनकी औषधियां साक्ष्य आधारित, शोधपरक और लोगों पर परखी जा चुकी हैं। इन विज्ञापनों के व्यापक प्रभाव भी होते हैं, क्योंकि करोड़ों लोगों की बाबा में आस्था है। बाबा के दावों को सच मानते हुए असंख्य लोग पतंजलि की दवाएं खरीदते और इस्तेमाल करते हैं। नतीजतन आज बाबा की कंपनियों का टर्नओवर हजारों करोड़ रुपए है। पतंजलि दवाओं के प्रचार करने के साथ-साथ बाबा रामदेव आधुनिक चिकित्सा प्रणाली 'एलोपैथी' के खिलाफ विष-वमन भी करते रहे हैं। बाबा ऐसा क्यों करते हैं? पतंजलि के अलावा, झंडु, बैद्यनाथ, हमदर्द, डाबर आदि प्रख्यात कंपनियां भी आयुर्वेद औषधियों का व्यापक स्तर पर उत्पादन करती हैं। उन्होंने तो कभी भी 'एलोपैथी' के खिलाफ जहर नहीं उगला। सर्वोच्च अदालत ने इस भ्रामक और गलत प्रचार के लिए बाबा रामदेव को मना भी किया था, लेकिन बाबा और पतंजलि समूह के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण देश की शीर्ष अदालत के निर्देशों का ही उल्लंघन करते रहे हैं। बाबा के आयुर्वेद बनाम एलोपैथी की यह लड़ाई, 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' के जरिए, बीते दो सालों से सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। अब बात बाबा के माफीनामे से भी आगे निकल चुकी है। मौजूदा दौर जीवन-शैली के रोगों का है, लिहाजा योग, आयुर्वेद, शरीर को विष-मुक्त करना और हर्बल थेरेपी आदि ज्यादा लोकप्रिय हैं। लोग उनके जरिए स्वास्थ्य-लाभ पा रहे हैं। देश की मोदी सरकार ने भी आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और सिद्ध आदि चिकित्सा प्रणालियों का एक ही मंत्रालय-आयुष-में विलय कर दिया है। 'जन औषधि केंद्रों' के जरिए जेनरिक दवाएं भी लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। बेशक स्वास्थ्य की देखभाल में इन प्राचीन चिकित्सा प्रणालियों की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन बाबा जैसे पैरोकार आधुनिक चिकित्सा प्रणाली 'एलोपैथी' को गालियां देते हुए अथवा जहर बेचने वाले करार देकर अपने 'आयुर्वेद' को नहीं बेच सकते। जिस देश में नीमहकीमी और विज्ञान-विरोधी मानसिकता अनियंत्रित हो, उसमें नियामक प्रोटोकॉल से कोई भी समझौता नहीं किया जा सकता। नियामक संस्थाएं पतंजलि की औषधियों की जांच करें। यह उनका संवैधानिक अधिकार भी है। जांच की प्रक्रिया के बाद अपने निष्कर्ष देश के सामने रखें कि पतंजलि की दवाओं का सच क्या है? बाबा रामदेव देश, उसके संविधान और कानून से ऊपर नहीं हो सकते। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के दौरान भी बाबा ने लोगों की चिंताओं से खिलवाड़ किया और कई गलत दावे किए। उनकी भी सम्यक जांच होनी चाहिए। सर्वोच्च अदालत में सुनवाई के दौरान पतंजलि को खूब फटकार भी लगाई गई है। बाबा रामदेव ने फार्मा और मेडिकल इंडस्ट्री की गलत धारणाओं से बचने की चेतावनी देश को दी थी और यहां तक आरोप लगाए थे कि ये जहर बेच रहे हैं, लिहाजा खुद को बचाओ। बाबा ऐसी टिप्पणियां किस आधार पर कर सकते हैं? यदि शरीर के भीतर किसी रोग की गहराई तक पहुंचना है, तो उसके लिए आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में अनेक अनुसंधान किए गए हैं। वे मानवीय जिंदगी को बचाने में सक्षम हैं। प्राचीन पद्धतियों में अपनी परंपरागत खामियां भी हैं। मामला अदालत में है, लिहाजा हल सामने आना चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि तब मैं तुरंत ही कौआ हो गया। फिर मुनि के चरणों में सिर नवाकर और रघुकुल शिरोमणि श्री रामजी का स्मरण करके मैं हर्षित होकर उड़ चला॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**उमा जे राम चरन रत बिगत काम मद क्रोध।**
**निज प्रभुमय देखहिं जगत केहि सन करहिं बिरोध॥**

(शिवजी कहते हैं-) हे उमा! जो श्री रामजी के चरणों के प्रेमी हैं और काम, अभिमान तथा क्रोध से रहित हैं, वे जगत को अपने प्रभु से भरा हुआ देखते हैं, फिर वे किससे वैर करें॥

**सुनु खगेस नहिं कछु रिषि दूषन। उर प्रेरक रघुबंस बिभूषन॥**
**कृपासिंधु मुनि मति करि भोरी। लीन्ही प्रेम परिच्छा मोरी॥**

(काकभुशुण्डिजी ने कहा-) हे पक्षीराज गरुड़जी! सुनिए, इसमें ऋषि का कुछ भी दोष नहीं था। रघुवंश के विभूषण श्री रामजी ही सबके हृदय में प्रेरणा करने वाले हैं। कृपा सागर प्रभु ने मुनि की बुद्धि को भोली करके (भुलावा देकर) मेरे प्रेम की परीक्षा ली॥

**मन बच क्रम मोहि निज जन जाना। मुनि मति पुनि फेरी भगवाना॥**
**रिषि मम महत सीलता देखी। राम चरन बिस्वास बिसेषी॥**

मन, वचन और कर्म से जब प्रभु ने मुझे अपना दास जान लिया, तब भगवान ने मुनि की बुद्धि फिर पलट दी। ऋषि ने मेरा महान पुरुषों का सा स्वभाव (धैर्य, अक्रोध, विनय आदि) और श्री रामजी के चरणों में विशेष विश्वास देखा,॥

**अति बिसमय पुनि पुनि पछिताई। सादर मुनि मोहि लीन्ह बोलाई॥**
**मम परितोष बिबिधि बिधि कीन्हा। हरषित राममंत्र तब दीन्हा॥**

तब मुनि ने बहुत दुःख के साथ बार-बार पछताकर मुझे आदरपूर्वक बुला लिया। उन्होंने अनेकों प्रकार से मेरा संतोष किया और तब हर्षित होकर मुझे राममंत्र दिया॥

**बालकरूप राम कर ध्याना। कहेउ मोहि मुनि कृपानिधाना॥**
**सुंदर सुखद मोहि अति भावा। सो प्रथमहिं मैं तुम्हहि सुनावा॥**

कृपानिधान मुनि ने मुझे बालक रूप श्री रामजी का ध्यान (ध्यान की विधि) बतलाया। सुंदर और सुख देने वाला यह ध्यान मुझे बहुत ही अच्छा लगा। वह ध्यान मैं आपको पहले ही सुना चुका हूँ॥

**(क्रमशः....)**

# गांधी परिवार के सामने क्या बड़ी सियासी लाइन खींचना चाहते हैं रॉबर्ट वाड्रा?

कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा के पति और राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाता कर अमेठी की राजनीति में सनसनी फैला दी है। रॉबर्ट वाड्रा का नाम कहीं और से चर्चा में नहीं आया। वाड्रा ने स्वयं अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है, लेकिन संभवता गांधी परिवार के लिये यह फैसला लेना मुश्किल होगा कि रॉबर्ट को अमेठी से चुनाव लड़ाया जाये। इसके पीछे ठोस आधार भी है। रॉबर्ट को लड़ाने में सबसे बड़ी समस्या यह है कि उनकी छवि काफी खराब यानी एक भ्रष्टाचारी के रूप में बनी हुई है। रॉबर्ट को अमेठी से चुनाव लड़ाया गया तो बीजेपी के लिये कांग्रेस और गांधी परिवार पर भ्रष्टाचार को लेकर हमला तेज करने का और भी मौका मिल जायेगा। फिर रॉबर्ट की कोई सियासी पहचान भी नहीं है। रॉबर्ट को चुनाव लड़ने पर यदि गांधी परिवार के भीतर सहमति बनी हुई होती तो कांग्रेसियों की एक बड़ी फौज रॉबर्ट को चुनाव लड़ाने के लिये हो हल्ला मचाने लगती,लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। इस मतलब साफ है कि रॉबर्ट वाड्रा अपनी ससुराल से अलग लाइन पर चल रहे हैं। दरअसल, रॉबर्ट चुनाव लड़कर कांग्रेस में अपना रूतबा बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में वह राहुल गांधी के समानांतर खड़े नजर आ सकते हैं। कुल मिलाकर रॉबर्ट वाड्रा गांधी परिवार के सामने एक बड़ी लाइन खींचना चाहते हैं। वह गांधी परिवार को चुनौती देते दिख सकते हैं। इसलिये राबर्ट का अमेठी से चुनाव लड़ने का सपना पूरा होता नहीं दिख रहा है।

खैर, रॉबर्ट वाड्रा के अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करने के बाद इतना जरूर हुआ है कि अब कांग्रेस का ध्यान इस ओर लगा हुआ है कि अमेठी की चुनावी रणभूमि में जल्द से जल्द अपना योद्धा उतारकर कमजोर हो रहे कार्यकर्ताओं को मजबूती देने का है। माना जा रहा है कि पार्टी अब कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता प्रतापगढ़ से रामपुर खास से विधायक आराधना मिश्रा मोना पर दांव खेल सकती है। अब सभी को कांग्रेस राहुल गांधी की हां और न का ही इंतजार है। राहुल गांधी की ओर से तस्वीर साफ होते ही किसी एक प्रत्याशी का नाम उजागर हो जायेगा। वहीं, कांग्रेस के अमेठी के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने एक बार फिर अपनी बात



**रॉबर्ट वाड्रा के अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करने के बाद इतना जरूर हुआ है कि अब कांग्रेस का ध्यान इस ओर लगा हुआ है कि अमेठी की चुनावी रणभूमि में जल्द से जल्द अपना योद्धा उतारकर कमजोर हो रहे कार्यकर्ताओं को मजबूती देने का है।**

दोहराते हुए कहा कि हमारे हिसाब से तो राहुल भइया ही अमेठी से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। गौरतलब हो, रॉबर्ट वाड्रा ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि उनके निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करूं। वर्षों तक गांधी परिवार ने रायबरेली व अमेठी में कड़ी मेहनत की। अमेठी के लोग वास्तव में वर्तमान सांसद (स्मृति ईरानी) से परेशान हैं, मतदाताओं को लगता है कि उन्होंने स्मृति ईरानी को चुनकर गलती की है।

बहरहाल, कांग्रेस उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर अखिलेश यादव के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली समेत 17 सीटें लड़ने के लिए मिली हैं। अमेठी और रायबरेली सीट पर कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवारों का ऐलान नहीं किया है। इन दोनों ही सीटों पर संशय बना हुआ है। ये दोनों सीटें अहम हैं, क्योंकि ये सीटें हमेशा गांधी परिवार का गढ़ रही हैं। हालांकि, 2019 में राहुल गांधी अमेठी सीट हार गए थे। दशकों तक जिस अमेठी में गांधी-नेहरु परिवार का डंका बजता था। आज उसी अमेठी में भाजपा की स्मृति का जादू चल रहा है। दस साल पहले आम चुनाव 2014 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुकाबला करने अमेठी आई स्मृति ईरानी ने मात्र 23 दिनों में ही यहां के लोगों से कुछ ऐसा नाता जोड़ा कि उन्हें तीन लाख से अधिक मत प्राप्त हुए।

मोदी सरकार में स्मृति ईरानी को हार के बाद भी मंत्री बनाया गया। इसी के साथ स्मृति ने अमेठी में अपनी सक्रियता बढ़ा दी। स्मृति की सक्रियता का लाभ भाजपा को मिलने लगा और एक के बाद एक चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आने लगे। गांव-गांव, घर-घर स्मृति अपनी नई पहचान बनाने में पूरी तरह सफल रही। आम चुनाव 2019 में स्मृति अमेठी में भाजपा का कमल खिलाने में कामयाब हुई। इसी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की जीत का सिलसिला भी चौथी बार थम गया। इससे पहले राहुल गांधी ने 2004, 2009 व 2014 में अमेठी हैट्रिक लगा चुके थे। अमेठी के चुनावी रणभूमि में भले ही अभी तक केंद्रीय मंत्री व सांसद स्मृति ईरानी अकेली घोषित योद्धा हों पर उनकी सक्रियता चुनाव को लेकर काफी बढ़ गई है। पिछले चार दिन वह अमेठी में रहकर बूथवार चुनावी लड़ाई में बड़ी जीत के लिए रणनीति बनाने में जुटी रही।

वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई अमेठी संसदीय सीट में कुल पांच विधानसभाएं हैं। इनमें अमेठी, जगदीशपुर, गौरीगंज व तिलोई अमेठी जिले की हैं, जबकि सलोन विधानसभा रायबरेली जिले की है। बीते तीन चुनावों की बात करें तो अमेठी की जनता का मूड बदला-बदला नजर आया। वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर चुनावी समर में उतरे राहुल गांधी ने 57.24 फीसदी मतों के अंतर से जीत दर्ज की, लेकिन, 2014 के चुनाव में परिणाम कुछ अलग दिखा। इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरीं स्मृति जूबिन ईरानी मजबूती से लड़ीं। यह बात अलग है कि राहुल गांधी ने जीत दर्ज की, लेकिन मतों का प्रतिशत 25.07 फीसदी घटने के साथ ही जीत के अंतर में 32.83 फीसदी कमी आई। फिर वर्ष 2019 के चुनाव में स्मृति ने गांधी परिवार के गढ़ को ध्वस्त कर जीत दर्ज कर ली। संसदीय सीट की पांच विधानसभाओं में से चार पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। ऐसे में इस बार गैर कांग्रेसी सांसद के दोबारा जीतने, जीत का अंतर बढ़ाने, सभी पांचों विधानसभा सीटों से जीत हासिल करने की एक बड़ी चुनौती स्मृति ईरानी के सामने है।

**-अजय कुमार**

# ममता सरकार को अदालत की फटकार

देश में पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है जहां बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर अदालतों की सर्वाधिक फटकार और निर्देशों का सामना करना पड़ा है। अराजकता की ऐसी हालत एक दशक पहले तक कभी उत्तर प्रदेश और बिहार की हुआ करती थी। पश्चिम बंगाल में एक प्रदर्शन के दौरान सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के साथ जब बदसलूकी करी थी, इस पर ममता ने कम्युनिस्ट सरकार को उखाड़ फेंकने की शपथ ली थी। ममता ने हिंसा और अराजकता से गुजर रहे बंगाल को कम्युनिस्टों से मुक्ति दिलाई। कम्युनिस्टों के खिलाफ जिस आंदोलन से ममता ने सत्ता की सीढियां चढ़ी, अब अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए ममता ने वही रास्ता अपना लिया है। संदेशखाली की घटना के बाद हाईकोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी ममता सरकार के खिलाफ की है, उससे जाहिर है कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था रसातल में जा रही है। ममता की पार्टी तृणमूल का एकमात्र उद्देश्य रह गया है अपने विरोधियों की आवाज बंद करना, इसके लिए चाहे गैरकानूनी तरीकों का इस्तेमाल ही क्यों न करना पड़ा। संदेशखाली मामले को लेकर आज कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। अदालत ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार को खुद से नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले में एक प्रतिशत भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है और पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 प्रतिशत जिम्मेदार हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम ने तल्ख लहजे में कहा कि अगर इसका एक भी एफिडेविट सही है तो यह शर्मनाक है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर आप एससी-एसटी नेशनल कमीशन की रिपोर्ट देखेंगे तो उसमें अगर एक फीसदी भी सच है तो यह 100 फीसदी शर्मनाक है। वहीं इस दौरान एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। सुरक्षा कारणों से कोई भी महिला अदालत में गवाही देने नहीं आई। एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि उनके पास अनेक महिलाओं ने यौन उत्पीडन् की शिकायत की है। ये लोग कह रहे हैं कि अगर महिलाओं ने बयान दिया तो उनके पति-बच्चों का सिर काटकर फुटबाल खेलेंगे। राज्य की ओर से वकालत करते हुए महाधिवक्ता (एजी) ने कहा कि हमें देखना होगा कि संदेशखाली में क्या हुआ। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता कहा था। सभी पक्षों की बातें सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने शाहजहां के वकील से सख्त लहजे में कहा कि आप एक आरोपित की ओर से सवाल पूछ रहे हैं। सबसे



पहले अपने आसपास की परछाइयों से छुटकारा पाएं। इसके बाद दूसरे लोगों की शिकायतों के बारे में बात करें। अगर हलफनामे में एक भी आरोप सच है तो वह भी शर्मनाक है। सरकार कहती है कि यहां महिलाएं सुरक्षित हैं। यदि हलफनामे में कोई आरोप साबित हो जाता है, तो ऐसे सभी दावे झूठे होंगे।

हालांकि सुनवाई पूरी होने के बाद भी हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के मास्टरमाइंड और तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख ने कहा था कि वह राजनीतिक साजिश का शिकार है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। उसे जानबूझकर फंसाया जा रहा है। पूछताछ के दौरान शाहजहां ने पांच जनवरी को संदेशखाली में केंद्रीय एजेंसी कर्मियों पर हमला करने वालों के साथ किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया था। शाहजहां ने अधिकारियों से कहा था कि वह इस हमले की दिल से निंदा करता है और चाहता है कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिले। ईडी ने शाहजहां से उसकी कंपनी सबीना एंटरप्राइजेज के जरिए काली कमाई को सफेद करने के मामले में पूछताछ की। जिस पर शाहजहां ने कहा कि सब झूठ है। अनुसूचित जाति-जनजाति के पैनल ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश की थी। इसके लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पैनल ने एक रिपोर्ट सौंपी थी। पैनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है था कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पैनल का यह भी कहना था कि आरोपियों पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कानून के तहत मुकदमा चलाया जाना चाहिए। देश में पश्चिम बंगाल ऐसा राज्य है जहां राज्यपाल ने केंद्र सरकार को कई बार बिगड़े हालात की जानकारी दी है। विपक्षी दलों की शासित राज्यों में भी राज्यपालों और सत्तारूढ़ दल की सरकारों में अनबन होती रहती है, किन्तु संवैधानिक पद पर रहते हुए जितने खराब संबंध पश्चिम बंगाल में रहे हैं, उतने किसी भी राज्य में नहीं रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी सभा में कहा कि जो लोग संदेशखाली की महिलाओं के उत्पीडन् के जिम्मेदार हैं, उनको अब अपना बाकी जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हाल ही में पूरे देश ने देखा कि कैसे टीएमसी और राज्य सरकार ने संदेशखाली की महिलाओं का शोषण करने वाले लोगों को बचाया। लेकिन उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिन लोगों ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है, उन्हें अब अपना शेष जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। चुनाव प्रचार के दौरान ममता बनर्जी पूर्व में भी जहर उगलने में पीछे नहीं रही हैं। ममता पूर्व में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करती रही हैं। ममता बनर्जी कूचबिहार रैली में यहां तक कह गईं कि आप जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, लेकिन भाजपा पर नहीं।

ममता बनर्जी ने कूच बिहार से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रामाणिक का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तुम मंत्री के नाम पर कलंक हो। ममता ने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारियों का ट्रांसफर हो रहा है, केंद्रीय एजेंसी का कितना ट्रांसफर हुआ? उन्होंने कहा कि भाजपा निर्वाचन के कोड नहीं मानती। उन्होंने आरोप लगाया कि शीतलकुची में जिसने गोली मारकर हत्या किया वो अभी बीरभूम में बीजेपी प्रार्थी बन गया। ममता ने आरोप लगाया कि 3 सालों से आवास योजना का पैसा नहीं दिया जा रहा है। सडक़ के पैसे नहीं दिए जा रहे हैं। पहले 100 दिन के काम पर बंगाल एक नंबर पर था। पश्चिम बंगाल में शायद ही कोई ऐसा चुनाव रहा हो जहां हिंसा का तांडव नहीं हुआ हो। चुनाव आयोग के तमाम सख्त प्रयासों के बावजूद पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान हिंसा का शिकार रहा है। वर्ष 2023 में हुए पंचायत चुनाव के मतदान के दौरान चुनावी हिंसा में 17 लोगों की जान गई। तृणमूल कांग्रेस का दावा था कि चुनावी हिंसा में सबसे ज्यादा उनके कार्यकर्ताओं की हत्या हुई। मरने वालों में 60 फीसदी उनके कार्यकर्ता हैं, जबकि विपक्षी पार्टियों ने चुनाव हिंसा को लेकर ममता बनर्जी की सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साधा। देखना यही है कि हिंसा से त्रस्त रहे पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग कैसे शांतिपूर्ण और निर्विघ्न चुनाव सम्पन्न कराता है। पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना सभी दलों का एजेंडा होना चाहिए। तभी उन्हें न्याय मिल पाएगा।

**वर्ष 2023 में हुए पंचायत चुनाव के मतदान के दौरान चुनावी हिंसा में 17 लोगों की जान गई। तृणमूल कांग्रेस का दावा था कि चुनावी हिंसा में सबसे ज्यादा उनके कार्यकर्ताओं की हत्या हुई। मरने वालों में 60 फीसदी उनके कार्यकर्ता हैं।**

**-योगेंद्र योगी**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

चैत्र कृष्ण पक्ष : त्रयोदशी | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मन भयभीत रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम रहेगी। व्यापार ठीक रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
कोर्ट कचहरी से बचें। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यापारिक कोई नई शुरुआत न करें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
यात्रा में कष्ट संभव है। कार्यों में विघ्न-बाधा दिख रही है। मान-प्रतिष्ठा पर आंच आ सकती है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
स्वयं के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। बहुत अच्छा समय नहीं चल रहा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
स्वास्थ्य में डिस्टरबेंस बना रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा रहेगा। व्यापार की स्थिति भी अच्छी रहेगी। लाल वस्तु का दान करें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
मन भयभीत रहेगा। बच्चों की स्थिति को लेकर के मन परेशान रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम। प्रेम में तू-तू मैं-मैं रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। घरेलू चीजों को बहुत शांत होकर निपटाएं। कोई बड़ा बवाल या झगड़ा हो सकता है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
एनर्जी बढ़ेगी लेकिन यह थोड़ा नेगेटिव एनर्जी हो सकती है। अभी कोई नई व्यापारिक शुरुआत न करें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
निवेश करने से बचें। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। इसलिए स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा रहेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
नेगेटिव पॉजिटिव दोनों एनर्जी में फंसे रहेंगे आप। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान मध्यम, व्यापार मध्यम। हरी वस्तु पास रखें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
मन भयभीत रहेगा। सिर दर्द, नेत्र पीड़ा परेशान करेगी। पार्टनरशिप में प्रॉब्लम के संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा, प्रेम संतान मध्यम रहेगा।

# यथार्थ हॉस्पिटल के पास रेस्टोरेंट में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के एक रेस्तरां में शनिवार देर रात आग लग गई। घटना की सूचना पर जब तक मौके पर फायर ब्रिगेड टीम पहुंचा पूरे रेस्तरां में आग फैल गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जबकि आग के चलते रेस्तरां में भारी नुकसान की आशंका व्यक्त की गई है।



ग्रेटर नोएडा के जिस रेस्टोरेंट में आग लगी वो ग्रेनो वेस्ट में यथार्थ हॉस्पिटल के पास स्थित है। अचानक आग की तेज लपटें उठते देख मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। आग लगने के कारण पूरे इलाके में धुआं फैल गया। स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने स्थिति पर काबू पा लिया है।

दमकल विभाग के मुताबिक, आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

वहीं शनिवार को आग की एक और बड़ी घटना हुई, जब मध्य प्रदेश में बीना स्टेशन से लगभग 14 किमी दूर सेमरखेड़ी स्टेशन से लगभग एक किलोमीटर दूर हुई। यहां शनिवार की शाम एक मालगाड़ी के इंजन में आग लग गई। मालगाड़ी में कोयला लोड था। ये बीना से गुना की ओर जा रही थी, जब शनिवार शाम करीब 7.00 बजे के आसपास एकाएक आग लग गई।

एक दिन पहले खरगोन जिले में शुक्रवार रात शराब से भरा मिनी ट्रक पलट गया। इसके थोड़ी देर बाद ही मिनी ट्रक धूं-धूं कर जलने लगा। जलते ट्रक से कूदकर ड्राइवर ने जान बचाई। इस दौरान बीयर लूटने के चक्कर में लोगों ने जान तक जोखिम में डाली है। सड़क पर बीयर की बोतलें बिखरते ही लोग लूटने पहुंच गए। कई लोग मोबाइल की रोशनी में बीयर की बोतलें उठा ले गए।

भारतीय किसान यूनियन (संगठन) के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर-142 शहदरा गांव में आज 53वें दिन भी जारी रहा।



# फर्नीचर कारोबारी से 40 लाख रुपये हड़पने का आरोप, दो पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-24 क्षेत्र में फर्नीचर कारोबारी से 40 लाख रुपये उधार लेकर हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस आयुक्त के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

दिल्ली सरोजनी नगर के गांव पिलंजी के सुरजीत कुमार ने दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि वर्ष 2000 से गांव मोरना में टेंट एवं फर्नीचर का कार्य कर रहे हैं। सेक्टर-61 स्थित मानसरोवर अपार्टमेंट के परिचित हरवीर यादव ने वर्ष 2013 में गांव सर्फाबाद में जमीन खरीदकर फ्लैट बनाने शुरू किए। उस दौरान हरवीर यादव ने फ्लैट बनाने के लिए रुपये उधार मांगे।

शिकायतकर्ता का दावा है कि उन्होंने विश्वास होने के चलते वर्ष 2014 में 40 लाख रुपये उधार दे दिए। कुछ समय बीतने के बाद जब रुपये वापस मांगे तो बहाना बनाकर टरका दिया।

हरवीर यादव ने एक फ्लैट खरीदने का प्रस्ताव रखा। शिकायतकर्ता ने विश्वास करते हुए वर्ष 2021 में एक फ्लैट 18 लाख रुपये में खरीद लिया। जिसकी रजिस्ट्री हरवीर यादव ने की।

आरोपित हरवीर यादव ने शेष 22 लाख रुपये देने के लिए आश्वासन दिया। आरोप है कि कुछ दिन बाद जांच के दौरान पता चला कि हरवीर यादव ने उस फ्लैट की रजिस्ट्री धोखाधड़ी से फर्जी दस्तावेज तैयार कर दिल्ली कोंडली के यूसुफ को रजिस्ट्री कर दी।

पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की तो आरोपित ने 5-5 लाख रुपये के आठ चेक दिए। सभी चेक बैंक में बाउंस हो गए। इसके बाद रुपये मांगे तो आरोपित ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस आयुक्त के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल और स्वरोजगार के बढ़े अवसर...

# वनस्थली में चुनावी चौपाल का हुआ आयोजन

**ग्रेटर नोएडा।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। प्रत्याशी वोट मांगने के लिए मतदाताओं के द्वार पर पहुंच रहे हैं। पांच साल बाद एक बार फिर से मतदाता और नेता आमने सामने है।

ऐसे में महिलाओं के मुद्दों को प्रत्याशी के सामने पहुंचने के लिए चुनावी चौपाल का आयोजन सेक्टर जीटा स्थित वनस्थली पब्लिक स्कूल में किया। महिलाओं ने विभिन्न मुद्दों को उठाया। उन्होंने बिगड़ते घर का बजट से लेकर महिला सशक्तिकरण, सुरक्षित माहौल, स्वरोजगार के बढ़े अवसर, परीक्षा प्रश्न पत्र हो रहे लीक से लेकर कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि महिला उद्यमी अपना व्यापार शुरू करना



चाहती है, लेकिन उसको लोन लेने के लिए महीनों विभागों के चक्कर काटने पड़ते है। जबकि सरकार की ओर से कहा जाता है कि हर प्रकिया को आसान बनाया जा रहा है। वह जमीनी हकीकत पर कुछ और ही होती है। महिलाओं को सामान अधिकार देने की बड़ी बड़ी बातें की जाती है। उसके बाद भी उन्हें हमेशा पुरुषवादी मानसिकता का शिकार होना पड़ता है। महिलाएं वर्तमान समय में किसी भी में क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्हें बस अधिकार देने की जरूरत है। महिलाओं के लिए सरकार की ओर से अधिक कार्य करने की जरूरत है। कई योजनाओं का लाभ महिलाओं को नहीं मिल पाता है। उन्हें लाभ लेने के लिए यह ही नहीं पता होता है कि वह किस विभाग में संपर्क करे। उम्मीदवारों को महिलाओं में लिए विशेष कार्य करने चाहिए,जिससे वह समाज में आगे बढ़कर देश का प्रतिनिधित्व कर सके। महिला उद्यमी को बिना गारंटी के लोन भले ही कागजों में मिल रहा हो,लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कई महीनों तक बैंक से लेकर अन्य विभागों के चक्कर काटने के बाद भी उनके हाथ खाली ही रहते है।

# घर में घुसकर किया जानलेवा हमला, 7 लोग घायल



**नोएडा (चेतना मंच)।** जलपुरा गांव में पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में आपसी विवाद हो गया जिसमें सात लोगों को चोटे लगी, एक कैलाश अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है।

मिली जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल की रात नाली के पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ जिसमे मौ ताहिर के लडको और भाइयो ने जिनके नाम अज्ञात है तालिब चौधरी पुत्र वाजिद अली व डाक्टर आरिफ, अनीश, जरीना, नफीश, आशिफ, रुकैया व अन्य लोगो के साथ मारपीट की, जिसमें सभी को गंभीर चोटे लगी जिसमें डा आरिफ के भाई नफीश को ज्यादा गम्भीर चोटे आई है, सभी को बाबा मोहन राम हास्पिटल मे भर्ती कराया गया, वही नफीस की हालत नाजुक होने के कारण उसे पहले यथार्थ हॉस्पिटल ले जाया गया फिर उसके बाद कैलाश अस्पताल रेफर किया गया। डाक्टर आरिफ की माता जरीना जिनकी उम्र तक़रीबन 70 वर्ष है के हाथ मे सर पर चोटे आई है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि नाली के पानी की निकासी को लेकर ताहिर और वाजिद की पहले मस्जिद पर आपसी कहा सुनी और हाथापाई हुई थी, जहां दोनों को समझा बुझाकर डॉक्टर आरिफ के घर फैसले के लिए बुलाया गया था, दोनों पक्ष डॉक्टर आरिफ के घर फैसला करने के लिए एकत्रित हुए लेकिन बात शांत होने की जगह और बढ़ती गई और फिर से हाथापाई होने लगी, ताहिर के परिवार वाले वहां से धमकी देते हुए गए और कुछ ही देर में 20-25 लोगों को लाठी डंडों के साथ लेकर दोबारा वापस आ गए और सभी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

थाना ईकोटेक तृतीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में ले लिया है बाकी लोगों की तलाश जारी है।

# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारत नवनिर्माण ट्रस्ट ने भारतीय पर्व आयोजन समिति के तत्वावधान में नव वर्ष उत्सव उमंग 2081 का किया शुभारंभ। अध्यक्ष नरेश गुप्ता द्वारा नारियल फोड़कर बड़े ही धूमधाम से किया गया।



बीना अरोडा ने बताया कि पहले दिन इंद्रधनुष प्रतियोगिता में लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया जिसमे दृष्टि (प्रथम स्थान) आफिया (दितीय स्थान) व शानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में आरती (प्रथम स्थान) प्रीति (दितीय स्थान) व मानशी (तृतीय स्थान) पर रही। बच्चों द्वारा सभी प्रतियोगिताओं में बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर नरेश गुप्ता, विवेक कुमार, सौरभ बंसल, मुकुल गोयल, विवेक अरोड़ा, संजीव सालवान, राजवीर सिंह, बीरपाल, दुर्गेश्वरी, गुड्डी तोमर, संगीता सक्सेना, बीना अरोरा, विनीता शर्मा, ज्योति सिंह, रीना गुप्ता, कांतिपाल, नेहा आदि उपस्थित रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**गुजरात यूनिवर्सिटी...**

दर्ज की थी। ये मामला विदेश मंत्रालय तक पहुंच गया था जिसके बाद अफगानिस्तान से एक प्रतिनिधिमंडल ने यूनिवर्सिटी का दौरा भी किया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जिन छात्रों को हॉस्टल खाली करने के लिए कहा गया है उन्होंने या तो अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है या सिर्फ कुछ फॉर्मालिटी बाकी है जिसके लिए हॉस्टल में रहना जरूरी नहीं है। यूनिवर्सिटी के नियमों के मुताबिक एक बार पढ़ाई खत्म होने के बाद छात्र हॉस्टल सुविधाओं का इस्तेमाल नहीं कर सकते। जिन 7 छात्रों को हॉस्टल खाली करने के लिए कहा गया है, वो सभी इसी कैटेगरी में आते हैं। गुजरात यूनिवर्सिटी में फिलहाल लगभग 180 विदेशी छात्र हैं। यूनिवर्सिटी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, ऐसे कई मामले में सामने आए हैं जिसमें छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद किसी ना किसी वजह से हॉस्टल में रहने के लिए समय खींचने की कोशिश करते हैं। इस तरह के मामलों को देखते हुए ही यूनिवर्सिटी इसके खिलाफ सख्त नियम लागू करने की कोशिश कर रही है। गुजरात यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर डॉ. निरजा गुप्ता ने इस बार में जानकारी देते हुए कहा, सात में से पांच छात्र पहले ही हॉस्टल छोड़ चुके हैं। बाकी बचे दो छात्रों से नियमों का पालन करने की उम्मीद है।




# आप के खिलाफ भाजपा का 'शराब से शीश महल' अभियान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में शराब घोटाले को लेकर सियासी पारा गर्म है। एक तरफ जहां आम आदमी पार्टी केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जंतर मंतर पर सामूहिक उपवास कर रही है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा भी के केजरीवाल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली के पालिका बाजार में भाजपा ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं और दिल्ली पार्टी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप के खिलाफ शराब से शीश महल अभियान चलाया।



भाजपा दिल्ली के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हम अरविंद केजरीवाल का भ्रष्टाचार मॉडल दिखा रहे हैं। दिल्ली के लोग लाल किला, कुतुब मीनार, अक्षरधाम मंदिर, लोटस टेम्पल, कर्तव्य पथ देख सकते हैं, लेकिन अपने सीएम के भ्रष्टाचार के महल को नहीं देख सकते। क्योंकि दिल्ली की जनता वहां अंदर जा नहीं सकती। शराब से शीश महल की कहानी दिल्ली के भ्रष्टाचार की कहानी है और दोषी अरविंद केजरीवाल हैं।




**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# हो जाएं सावधान! आ रही भीषण गर्मीः 'हीटवेव अलर्ट' जारी

नई दिल्ली, (**एजेंसी**)। देश के कई हिस्सों में बढ़ती गर्मी के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने कहा कि प्रायद्वीपीय (दक्षिण भारत) और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों तक लू (हीटवेव) की स्थिति रहने की आशंका है। विभाग ने बताया कि हीटवेव से प्रभावित होने वाले इलाकों में ओडिशा, गांगेय पश्चिम बंगाल, झारखंड, विदर्भ, उत्तरी कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा और तेलंगाना शामिल हैं। शनिवार को, मौसम विभाग ने एक्स पर लिखा, आज पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों और अगले 2 दिनों के दौरान दक्षिण भारत में गर्मी की लहर की स्थिति बनी रहने की आशंका है। हालांकि दो दिनों के बाद इसमें कमी होने की संभावना है।

**अधिकतम तापमान 40-43 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंचा**- आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को महाराष्ट्र और ओडिशा के विदर्भ के अधिकांश हिस्सों के साथ-साथ रायलसीमा, छत्तीसगढ़, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल, मध्य महाराष्ट्र, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 40-43 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया। इसके अलावा, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु में भी ऐसी ही स्थिति



देखने को मिली है। ये तापमान सामान्य सीमा से 2-4 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

शनिवार को, उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर और बिहार, गुजरात क्षेत्र, मध्य महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और सिक्किम, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। आंध्र प्रदेश के नंद्याल में शुक्रवार को सबसे अधिक तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं आंध्र प्रदेश के भुवनेश्वर और कुरनूल में तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे वे दूसरे सबसे गर्म शहर बन गए।

**ओडिशा में तापमान बढ़ रहा है**

समाचार एजेंसीकी रिपोर्ट के अनुसार, ओडिशा में गर्मी से संबंधित बीमारियों के कारण आठ लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। ओडिशा के सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक निरंजन मिश्रा ने कहा, ओडिशा में तापमान बढ़ रहा है...हमें गर्मी से संबंधित सभी बीमारियों के लिए तैयार रहना होगा। हमने सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि क्या किया जाना चाहिए और हमने हाल ही में सभी जिलों को कवर करने वाले डॉक्टरों का एक प्रशिक्षण आयोजित किया है।

मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को तमिलनाडु, आंतरिक कर्नाटक और तेलंगाना के अलग-अलग इलाकों में और शनिवार को ओडिशा, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम और रायलसीमा में हीटवेव की स्थिति की भविष्यवाणी की है। शनिवार और रविवार को उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और तेलंगाना के अलग-अलग इलाकों में और शनिवार को पूर्वी मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और ओडिशा में गर्म रातें होने की संभावना है। यहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक होगा।

## गुड न्यूजः इस साल खूब होगी मॉनसून वाली बारिश

अप्रैल महीने में देश के कई हिस्सों में लू की स्थिति बन चुकी है। तपती गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। हालांकि, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राहत की खबर दी है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक बारिश हो सकती है। ऐसा इसलिए कि अल नीनो के प्रभाव का स्तर कम हो रहा है। इससे मानसून के लिए बेहतर माहौल का संकेत दिख रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेश मृत्युंजय महापात्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने मध्य प्रशांत महासागर के गर्म होने का जिक्र करते हुए कहा कि अभी तक के संकेत में यह जानकारी मिली है कि अल नीनो कम हो रहा है। जून के शुरुआत तक प्रभाव कम हो जाएगा, जिसके बाद तटस्थ स्थिति बन सकती है। यह जलवायु घटना दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए अनुकूल है।

आपको बता दें, भारत के कृषि क्षेत्र के लिए दक्षिण-पश्चिम मानसून महत्वपूर्ण है। यह देश में लगभग 70 फीसदी वार्षिक वर्षा के आवरण को पूरा करता है। देश में कृषि क्षेत्र का जीडीपी में योगदान लगभग 14 प्रतिशत है और लगभग 1.4 अरब आबादी में आधे से अधिक को रोजगार देता है। इस वर्षा में कमी होने से देश की अर्थव्यवस्था पर व्यापक असर पड़ता है।

आईएमडी प्रमुख महापात्र ने बताया कि इस साल जुलाई से सितंबर के बीच ला-नीना की स्थिति देखी जा रही है, जिसका मध्य प्रशांत महासागर को ठंडा करने में योगदान है। उन्होंने कहा, भारतीय मानसून के लिए ला नीना अच्छा है और इस बार तटस्थ स्थितियां अच्छी हैं। पिछले साल अल नीनो के कारण भारतीय मानसून के 60 प्रतिशत क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है, लेकिन इस साल यह स्थिति नहीं देखने को मिलेगी। यूरेशिया में इस साल भी कम बर्फबारी का आवरण है, जो बड़े पैमाने पर मानसून के लिए अनुकूल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2023 के मानसून सीजन में 868.6 मिलीमीटर वर्षा औसत की तुलना में 820 मिलीमीटर तक के नीचे बारिश दर्ज की गई थी। इसे मौसम विभाग ने मजबूत अल नीनो के लिए जिम्मेदार ठहराया था। इस महीने के अंत में आईएमडी दक्षिण-पश्चिम मानसून का पूर्वानुमान जारी करेगा, जो एक नए संकेत के बारे में जानकारी देने की स्थिति बन सकती है।


## संक्षिप्त खबर


### ताजमहल में रील बनाने को लेकर सीआईएसएफ जवान से भिड़ी युवती, दोनों के बीच हुई मारपीट

आगरा, (**एजेंसी**)। यूपी के आगरा में शनिवार को ताजमहल में एक सीआईएसएफ जवान का महिला पर्यटकों के साथ विवाद का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक रील बनाने को लेकर सीआईएसएफ जवान और महिला पर्यटक के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला हाथापाई पर आ गया। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ताजमहल में शनिवार को एक सीआईएसएफ जवान की एक महिला पर्यटक के साथ झगड़ा हो गया। जानकारी के मुताबिक महिला पर्यटक रील बना रही थी। तभी सीआईएसफ जवान ने टोक दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला हाथापाई पर आ गया। पहले महिला पर्यटक ने सुरक्षा में तैनात जवान को धक्का दे दिया। वहीं, इसके जवाब में सीआईएसएफ जवान ने महिला को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद महिला पर्यटन ने जवान को धक्का देकर लात मारते हुए दिखी। वहीं इस पूरी घटना को एक पर्यटक ने अपने मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। ये वीडियो वायरल हो गया।

### भारत पर कनाडा के चुनावों में दखल देने का आरोप, जवाब से ट्रुडो सरकार की बोलती बंद

नई दिल्ली, (**एजेंसी**)। भारत ने कनाडा के आम चुनावों में हस्तक्षेप करने के आरोपों को निराधार बताया है। नई दिल्ली की ओर से ओटावा पर पलटवार करते हुए कहा गया कि वो हमारे आंतरिक मामलों में दखल दे रहा है। भारत की यह कड़ी प्रतिक्रिया शुक्रवार को कनाडाई मीडिया की उस रिपोर्ट के बाद आई, जिसमें दावा किया गया कि भारत और पाकिस्तान ने कनाडा में 2019 व 2021 के संघीय चुनावों में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा की जासूसी एजेंसी कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा (ष्टस्ढ्ढस्) ने ये आरोप लगाए हैं। ये खबरें ऐसे वक्त सामने आई हैं जब खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर दोनों देशों में पहले से राजनयिक विवाद चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा का संघीय आयोग 2019 और 2021 में भारत की ओर से चुनाव में हस्तक्षेप के दावों की जांच कर रहा है। इन खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने कनाडाई आयोग की जांच से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट देखी है। कनाडा के चुनावों में भारतीय हस्तक्षेप के आरोप आधारहीन हैं जिन्हें हम खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दखल देना भारत सरकार की नीति नहीं है। सच्चाई तो ये है कनाडा ही हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है।

# अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट से की खास मांग
## ईडी बोली-तिहाड़ में नहीं दे सकते स्पेशल ट्रीटमेंट

नई दिल्ली, (**एजेंसी**)। दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने वकीलों के साथ मुलाकात की अवधि बढ़ाने की अपील की है। केजरीवाल ने दिल्ली की कोर्ट में याचिका दाखिल की है जिसमें कानूनी बैठकों की संख्या बढ़ाने का निर्देश देने और हफ्ते में 2 की बजाय 5 बार मिलने की इजाजत मांगी है। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने केजरीवाल की मांग का विरोध करते हुए कहा कि केजरीवाल को जेल में केवल इसलिए स्पेशल ट्रीटमेंट नहीं दिया जा सकता क्योंकि वो जेल से सरकार चलाना चाहते हैं। ईडी ने कहा केजरीवाल को विशेष अधिकार दिए जाने से इसका गलत इस्तेमाल हो सकता है और वह अपने वकीलों के माध्यम से आदेश जारी कर सकते हैं।

ईडी की ओर से पेश वकील ज़ोहेब हुसैन ने कहा, केवल इसलिए कि कोई व्यक्ति जेल से सरकार चलाने का विकल्प चुनता है, उसे एक्सेप्शन नहीं माना जा सकता है और उसे विशेषाधिकार नहीं दिया जा सकता है। ईडी की ओर से पेश होते हुए हुसैन ने बताया कि कानूनी बैठकों का परामर्श के अलावा दूसरी चीजों के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने यह भी



कहा कि ऐसे बयान हैं जिनमें कहा गया है कि आदेश वकीलों के माध्यम से पारित किये जा रहे हैं। हुसैन ने यह भी तर्क दिया कि पांच कानूनी बैठकों की अनुमति देना जेल मैनुअल के खिलाफ है। केजरीवाल की ओर से पेश वकील विवेक जैन ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ 35 से 40 अलग-अलग मामले चल रहे हैं और सप्ताह में दो बार आधे घंटे की बैठकें किसी व्यक्ति के लिए लंबित मामलों की बारीकियों को समझने और निर्देश देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। जैन ने दावा किया कि आप सांसद संजय सिंह को भी सप्ताह में तीन बार अपने वकील से मिलने की अनुमति दी गई थी, जब वह इसी मामले के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में थे। जैन ने कहा कि बैठकों के दुरुपयोग के बारे में ईडी की आशंकाएं गलत हैं।

केजरीवाल के वकील ने कहा, ''लोगों के साथ असमान व्यवहार किया जाता है और आपको उनमें संतुलन बनाना होगा। यहां एक व्यक्ति है जिसके खिलाफ 30 मामले चल रहे हैं। क्या मेरी तुलना किसी ऐसे व्यक्ति से की जा सकती है जिसके खिलाफ एक मामला हो? अदालत ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में एक अप्रैल को केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

# मनीष सिसोदिया के बिना संभव नहीं था दिल्ली शराब घोटाला
## जमानत का विरोध करते हुए बोली ईडी

नई दिल्ली, (**एजेंसी**)। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की दूसरी जमानत याचिका का विरोध करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। ईडी ने ट्रायल कोर्ट में सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि मनीष सिसोदिया ही उस शराब नीति को बनाने के लिए जिम्मेदार थे जिससे घोटाले को अंजाम दिया गया। ईडी के विशेष वकील ज़ोहेब हुसैन ने बताया कि मुकदमे में देरी जिसे आरोपी के वकील जमानत की मांग करते हुए एक कारण बता रहे हैं वो भी आरोपी की वजह से ही हो रही है ना की अभियोजन पक्ष की ओर से। सिसोदिया की तरफ से लगातार जमानत की मांग करना मुकदमे में देरी की वजह है। उनकी तरफ से करीब 90 से ज्यादा आवेदन दायर किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी के वकील ने कहा कि शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले मनीष सिसोदिया के बिना संभव ही नहीं था। ईडी के आरोपों के मुताबिक पुरानी शराब नीति में जो कमिशन फीस 5 फीसदी थी उसे नई शराब नीति में बढ़ाकर 12 फीसदी कर दिया गया था जिसकी वजह से होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर्स ने 581 करोड़ रुपये की निश्चित फीस अर्जित की। नई शारब नीति की वजह से होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर्स ने 338 करोड़ रुपए ज्यादा मुनाफा कमाया था और इसी के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर में सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था।

शनिवार को सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने एक बार फिर इस बात पर जोर दिया ती 338 करोड़ रुपये अपराध की कमाई है। हुसैन ने यह भी तर्क दिया कि सबूत नष्ट कर दिए गए हैं। ईडी ने कहा, विजय नायर सिसोदिया के निर्देशों के तहत और पूरे विश्वास के साथ काम कर रहा था। बता दें, इससे पहले ईडी ने ये भी कहा था कि विजय नायर साउथ ग्रुप और आम आदमी पार्टी के बीच शराब नीति को लेकर हो रही डील में बिचौलिए की भूमिका निभा रहा था। उधर कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी है।

मनीष सिसोदिया को सबसे पहले पिछले साल पहले 26 फरवरी को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने और बाद में नौ मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ट्रायल कोर्ट, दिल्ली उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने दोनों मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के जमानत से इनकार के खिलाफ सिसोदिया की समीक्षा याचिका भी खारिज कर दी थी। उनकी क्यूरेटिव याचिकाएं भी खारिज हो चुकी हैं।

# अतीक और मुख्तार की हत्या में पंडितों का हाथ, तुम लोग हमारे निशाने पर
## जेल अधीक्षक के बाद अब भाजपा नेता को धमकी

बांदा, (**एजेंसी**)। बांदा जेल अधीक्षक के बाद अब भाजपा नेता को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। दोनों ही धमकियां मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद की मौत को लेकर दी गई हैं। धमकी देने वाले शातिर ने अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल की थी। पीड़ित की तहरीर पर शहर कोतवाली में मोबाइल नंबर के आधार पर धमकी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के बाबूलाल चौराहा निवासी अधिवक्ता मुदित कुमार शर्मा भाजपा क्षेत्रीय कानून व विधि प्रकोष्ठ कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र सहसंयोजक हैं। उनके मुताबिक, सुबह 10.21 बजे अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने नाम और पता पूछा। एक मिनट बाद दोबारा कॉल आई। तीसरी कॉल 10.27 बजे आई। कॉल करने वाले ने कहा कि तुम्हारा नाम हिन्दू आतंकवादी के संगठन के सदस्य के तौर पर निकला है। अतीक भाईजान की हत्या में तुम्हारे शहर के पंडितों का हाथ था। मुख्तार भाई जान की हत्या में भी पंडितों का हाथ है। हम लोग सभी को बता रहे हैं। हमारे निशाने पर तुम लोग हो। तेरे घर की लोकेशन हमारे पास है। धमकी भरे कॉल से सहमे भाजपा नेता ने मामले की शिकायत



मुख्यमंत्री, डीजीपी, डीआईजी चित्रकूटधाम, डीएम और एसपी बांदा को भेजी। पीड़ित की तहरीर पर शहर कोतवाली में मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धमकी की रिपोर्ट दर्ज हुई है।

मामले में एसपी अंकुर अग्रवाल ने वीडियो बयान जारी कर बताया कि टीम गठित की गई है। जिसने भी शरारत की है। उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## दिल्ली में बच्चों की तस्करी का भंडाफोड़, जांच के घेरे में कई अस्पताल
# एक बच्चे की कीमत 5 लाख

नई दिल्ली, (**एजेंसी**)। दिल्ली में सीबीआई ने नवजात बच्चों की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले कई जगहों पर छापेमारी की और तीन नवजात बच्चों को बचाया। इन बच्चों को दिल्ली के केशवपुरम इलाके से बचाया गया है। बताया जा रहा है कि नवजात शिशुओं को काले बाजार में वस्तुओं के रूप में खरीदा और बेचा जा रहा था। फिलहाल सीबीआई इस पूरे मामले की जांच कर रही है और इस मामले में शामिल हर शख्स से पूछताछ की कोशिश कर रही है।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक सीबीआई बच्चों को बेचने वाली दोनों महिलाओं और उन्हें खरीदने वालों से भी पूछताछ कर रही है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इस मामले में सीबीआई की जांच अब कई राज्यों तक पहुंच गई है और कई प्रमुख अस्पताल गहन जांच के दायरे में आ गए हैं। जांच में ये भी पता चला है कि नवजात बच्चों को को 4 से 5 लाख रुपये तक की ऊंची रकम में बेचा जा रहा था।

बताया जा रहा है कि नवजात बच्चों की तस्करी की जांच का दायरा दिल्ली की सीमाओं से कहीं आगे तक फैला हुआ है। अकेले दिल्ली एनसीआर में ही सीबीआई ने 7-8 बच्चों की तस्करी के मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक वार्ड बॉय और महिलाएं भी शामिल है।

**पिछले महीने 10 बच्चे बेचे**

गिरफ्तार किए गए लोगों में एक अस्पताल का वार्ड बॉय और कई अन्य महिलाएं शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, पिछले महीने में ही लगभग 10 बच्चे बेचे गए है और कुल मिलाकर सात लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले फरवरी में भी दिल्ली पुलिस ने बच्चों की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच महिलाओं सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने बताया कि 20 फरवरी को बेगमपुर थाना इलाके में नवजात शिशुओं की खरीद-फरोख्त की सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने कहा, मामले की जांच के लिए तुरंत एक टीम का गठन किया गया। टीम दिए गए पते पर पहुंची और फोन कॉल पर मिले तथ्यों की पुष्टि की।

अधिकारी ने बताया कि टीम एक घर में पहुंची, जहां दो महिलाओं के पास एक नवजात बच्ची थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया जब महिलाओं से पूछताछ की गई, तो वे बच्ची के माता-पिता के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सकीं। बाद में, उन्होंने स्वीकार किया कि वे एक अंतरराज्यीय मानव तस्करी गिरोह से जुड़ी हैं, जो विभिन्न राज्यों में नवजात शिशुओं को खरीदता और



बेचता है। बच्ची को पंजाब के मुक्तसर से 50,000 रुपये में खरीदा गया था और खरीदार का इंतजार किया जा रहा था।

पुलिस ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस ने शिशुओं की तस्करी में शामिल गिरोह के अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए आगे जांच की।

### माकपा के बैंक अकाउंट को भी किया गया फ्रीज
### सीताराम येचुरी का दावा

नई दिल्ली, (**एजेंसी**)। लोकसभा चुनाव के बीच सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने दावा किया है कि उनकी पार्टी के बैंक अकाउंट को फ्रीज कर दिया गया है। इससे पहले आयकर विभाग ने कांग्रेस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके बैंक अकाउंट को भी फ्रीज कर दिया था। इसके बाद कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व- मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी ने एक साथ आकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सरकार पर हमला बोला था। अब सीपीएम ने भी बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाने का दावा किया है।

सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा, आज, हमारे जिला सचिव-त्रिशूर को एक नोटिस मिला है कि पासबुक के साथ बैंक में आएं। कोई कारण नहीं बताया गया। उनके पास जो शक्ति है उसका उपयोग करते हुए, वे प्रबंधक को एक आदेश जारी करते हैं। बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि जब तक हम अनुमति नहीं देते, तब तक सीपीआई (एम) खाते में कोई लेन-देन नहीं किया जाएगा। इसका मतलब है कि उन्होंने खाता फ्रीज कर दिया है। यह एक राजनीतिक हमला है। हम आगे बढ़ाने के लिए कानूनी कार्रवाई की संभावना तलाश रहे हैं। आयकर विभाग के ऐक्शन के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले दिनों नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा था कि आयकर विभाग द्वारा फ्रीज किए गए खातों के कारण पार्टी ठीक से प्रचार नहीं कर पा रही है। राहुल ने कहा था कि हमारे पास प्रचार के लिए पैसे नहीं हैं।

# राम नवमी के लिए बदला राम मंदिर का समय
## सूर्य की किरणों से होगा रामलला का अभिषेक

नई दिल्ली, (**एजेंसी**)। अयोध्या में राम लला के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगातार बनी हुई है। राम नवमी के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के बोर्ड आफ ट्रस्टीज की बैठक में राम नवमी पर 24 घंटे राम मंदिर को खोले रखने का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। फिर भी तय हुआ कि 15 से 17 अप्रैल तक 20 घंटे दर्शन चलता रहेगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि 18 अप्रैल को परिस्थिति के अनुसार मंदिर खुले रखने पर विचार किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय ने बताया कि अब तक 14 घंटे रामलला के दर्शन हो रहे थे। इस अवधि में छह घंटे की वृद्धि हो गई है।

इसके अलावा राम मंदिर में दर्शनार्थियों के दर्शन की लेन चार से बढ़ाकर सात लेन में कराए जाने की व्यवस्था हो रही है। रात्रि में शयन आरती से पहले भगवान के वस्त्र एवं आभूषण बदले जाते हैं और उन्हें शयन मुद्रा में लाने वाले हल्के वस्त्र धारण कराए जाते हैं। इसके उपरांत भोग लगाकर आरती की जाती है। इस समय पर्दा लगाना आवश्यक होता है।

**रामलला के ललाट पर सूर्य किरणों से अभिषेक की तैयारी**- तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपत राय के अनुसार राम नवमी के अवसर पर मध्याह्न



12 बजे रामलला के ललाट पर सूर्य किरणों से अभिषेक के लिए प्रयास किया जा रहा है। बताया गया कि सीबीआरआई के वैज्ञानिकों की टीम तकनीकी संयोजन में जुटी है। उन्होंने सभी से अपील की है कि रामलला के दर्शन के लिए आते समय मोबाइल साथ न लाएं और जूते-चप्पल भी किसी उचित जगह निकाल कर ही आएं। तीर्थ क्षेत्र महासचिव के मुताबिक श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण कराए जाने की व्यवस्था पर मंथन किया जा रहा है। उधर, बैठक की अध्यक्षता तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास महाराज ने की।

**रामकोट की परिक्रमा तैयारियों का लिया जायजा**- चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तदनुसार नौ अप्रैल से शुरू हो रहे नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर परम्परागत रूप से आयोजित होने वाली रामकोट की परिक्रमा की तैयारियों को लेकर गुरुवार बैठक की गई। विक्रमादित्य महोत्सव समिति के तत्वावधान में यह बैठक लक्ष्मण किला के मंदिर प्रांगण में की गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में संत-महंतों ने भी हिस्सा लिया। इस बैठक में कौशलेश सदन पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य विद्याभास्कर महाराज ने कहा कि इस परिक्रमा का उद्देश्य पूरे विश्व को भारतीय नवसंवत्सर के शुभागमन का संकेत प्रदान करना है।

### पानीपुरी विक्रेता के बेटे के एमबीबीएस में एडमिशन पर लगी थी रोक, सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का फैसला

नई दिल्ली, (**एजेंसी**)। एक अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश में जन्मे पानीपुरी विक्रेता के बेटे के एमबीबीएस प्रवेश पर रोक लगाई गए थी। गुजरात उच्च न्यायालय ने आरक्षित श्रेणी की सीट पर छात्र के प्रवेश को इस आधार पर रद्द करने को बरकरार रखा गया था कि उसकी जाति गुजरात राज्य में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (एसईबीसी) से नहीं है। बता दें याचिकाकर्ता उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखता है और उसके माता पिता तेली जाति हैं, जो इस राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आती है।

न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि छात्र सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के रूप में भी गुजरात के कई सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए पात्र होगा। कोर्ट ने कहा, जैसा कि देखा जा सकता है मेडिकल कॉलेज में सीट के लिए गुजरात राज्य के कई सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के रूप में याचिकाकर्ता की योग्यता को ध्यान में रखा गया था। हालांकि, डिवीजन बेंच ने माना है कि चूंकि याचिकाकर्ता एसईबीसी श्रेणी में विचार किए जाने का हकदार नहीं है, इसलिए वह अयोग्य है।

# रामायण का गुणगान करने लगे कन्हैया कुमार, बोले- देश में राम की लहर अच्छी बात है

नई दिल्ली, (**एजेंसी**)। जेएनयू की छात्र राजनीति के दौरान सेक्युलर राजनीति की बात करने वाले कन्हैया कुमार अब रामायण का जमकर गुणगान कर रहे हैं। पहले चर्चा थी कि उन्हें बिहार के बेगूसराय से कांग्रेस टिकट दे सकती है। हालांकि गठबंधन के फार्मूले में यह सीट लेफ्ट के खाते में चली गई। अब चर्चा है कि उन्हें दिल्ली में मनोज तिवारी के खिलाफ कांग्रेस उतार सकती है। इसी बीच उन्होंने दिए एक इंटरव्यू में राम और रामायण का जमकर गुणगान किया। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि राम की लहर अच्छी बात है, नाथूराम की लहर नहीं होनी चाहिए। कन्हैया कुमार ने कहा कि भाजपा राम का नाम लेकर भी अपना सांप्रदायिक और बंटवारे का अजेंडा चला रही है। कुमार ने कहा कि जिस तरह से भाजपा गांधी-नेहरू का नाम लेकर परिवारवाद की बात करती है। उससे भी कहीं ज्यादा खतरनाक व्यक्तिवाद है।

कन्हैया कुमार ने कहा कि भाजपा हिंदू धर्म की गरिमा को ठेस पहुंचा रही है। जहां तक बात है राम की तो वहां किसी के प्रति घृणा का कोई स्थान नहीं है। कन्हैया कुमार से जब पूछा गया कि अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद क्या राम लहर का फायदा भाजपा को मिलने वाला है? इसपर उन्होंने कहा, अगर देश में राम की लहर है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। अगर



देश में नाथूराम की लहर होती तो गड़बड़ होता। उन्होंने कहा, जिस तरह से भाजपा अपना प्रचार कर रही है, उसमें भाजपा की भूमिका भी कहां है। राम जी त्रेता युग में हुए थे और भाजपा 1980 में बनी है। भाजपा केवल राम के नाम पर लोगों को ठगती है और काम नाथूराम वाले करती है।

कन्हैया कुमार ने कहा कि राम का नाम तो हमेशा से देश में रचा बसा है। लोगों के और जगहों के नाम राम के नाम पर हुआ करते हैं। दूसरे धर्मों की बात करें तो किसी धर्म विशेष का महत्व सबसे ज्यादा हो सकता है लेकिन हिंदू धर्म में सभी स्थानों और सभी देवताओं का महत्व बराबर है। इसीलिए हिंदू धर्म दूसरों से अलग है। लेकिन जो लोग हिंदू धर्म में आस्था रखते हैं उन्हें राजनीतिक लाभ के लिए ठगा जा रहा है।

रामायण का गुणगान- रामायम का गुणगान करते हुए कन्हैया कुमार ने कहा कि यह जीवन जीने का तरीका सिखाती है। इसमें बताया गया है कि क्या नैतिक है और क्या अनैतिक है। राम औ रामायण केवल एक रूप में नहीं हैं बल्कि अनेक रूपों में हैं। अगर आप रामायण की ही बात करते हैं तो तुलसीदास जी की रामायण, वाल्मीकि रामायण और बहुत सारी किंवदंतियां हैं। देश में सैकड़ों तरह की रामायण हैं। इस देश का इतिहास और संस्कृति राम से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा, जब भाजपा नहीं थी तब भी राम का नाम था और जब भाजपा नहीं रहेगी तब भी राम का नाम रहेगा।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला आज

**जयपुर (एजेंसी)।** खराब फॉर्म से दो चार हो रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है, जो उसके खराब प्रदर्शन को दिखाता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है, लेकिन इसके बाद भी उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं, लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक सहित 203 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर चुके हैं, लेकिन कोहली को दूसरे छोर से किसी भी खिलाड़ी का सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाए लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। कैमरून ग्रीन की जगह प्लेइंग इलेवन में विस्फोटक बल्लेबाज विल जैक्स को शामिल किया जा सकता है। मयंक डागर की जगह लेग स्पिनर कर्ण शर्मा को मौका मिल सकता है। दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आए थे, लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यहीं कहानी है। बटलर ने तीन मैचों में 35 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी।

गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है,उसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल है। ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। पिछले मैच में फिटनेस की वजह से नहीं खेलने वाले संदीप शर्मा की वापसी हो सकती है। संदीप, आवेश या चहल में से किसी एक का इस्तेमाल इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में होगा।




**टीम**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-** विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विल जैक्स, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार, दिनेश कार्तिक, अनुज रावत (विकेटकीपर), कर्ण शर्मा, रीस टॉपले, मोहम्मद सिराज, यश दयाल।

इम्पैक्ट के विकल्प- सुयश प्रभुदेसाई, महिपाल लोमरोर, मयंक डागर, विजयकुमार वैशाख, स्वप्निल सिंह

**राजस्थान रॉयल्स-** यशस्वी जयसवाल, जोस बटलर, संजू सैमसन (विकेटकीपर/कप्तान), रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, अवेश खान, नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल।

इम्पैक्ट के विकल्प- रोवमैन पॉवेल, तनुश कोटियन, कुलदीप सेन, शुभम दुबे, संदीप शर्मा।

# इस आईपीएल में विराट कोहली काफी दबाव में हैं : स्टीव स्मिथ



**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का मानना है कि मौजूदा आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाजों की सामूहिक विफलता के कारण विराट कोहली 'काफी दबाव में' हैं, और वह चाहते हैं आरसीबी टीम के साथी अच्छा प्रदर्शन करें। कोहली ने इस आईपीएल सीजन में आरसीबी के लिए चार मैचों में 67.66 के औसत से दो अर्द्धशतक के साथ 203 रन बनाकर अकेले संघर्ष किया है। दूसरे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इतने ही मैचों में 90 रन बनाकर काफी पीछे हैं। कोहली की निरंतरता के बावजूद आरसीबी चार मैचों में तीन हार के साथ लड़खड़ा गई है और अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। ग्लेन मैक्सवेल, कप्तान फाफ डु प्लेसिस और कैमरून ग्रीन जैसे बल्लेबाज अब तक बल्ले से कमजोर रहे हैं। स्मिथ ने कहा, 'उन्हें अपने साथ खड़े होने के लिए अन्य प्रमुख बल्लेबाजों की जरूरत है और अगर वे ऐसा करते हैं, तो वे अपने सीजन के लिए चीजें बदल सकते हैं। लेकिन फिलहाल, वे इतने दबाव में नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे संदेह है कि वह खुद पर अतिरिक्त दबाव डाल रहे होंगे। (लेकिन) कुछ अन्य शीर्ष क्रम और मध्य क्रम (बल्लेबाजों) को विराट की मदद करने की जरूरत है।' स्मिथ ने चेतावनी दी कि कोहली हर मैच में रन नहीं बनाएंगे और आरसीबी के बल्लेबाजों को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा, 'उन्होंने आईपीएल में अभियान की बहुत अच्छी शुरुआत की और उन्हें कुछ समर्थन की जरूरत है। वह हर मौके पर रन नहीं बना पाएंगे।' स्मिथ ने कहा, 'लेकिन, मुझे संदेह है कि वह इस तरह से सोच रहा होगा। मुझे नहीं लगता कि वह बाहर जाएगा और खुद पर अतिरिक्त दबाव डालेगा। वह बस बाहर जाएगा और खेलेगा और देखेगा कि उस खेल में क्या होता है।'

# ईशान आईपीएल में असफल हुए तो टी20 विश्वकप से होंगे बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे बल्लेबाज ईशान किशन के पास इस आईपीएल सत्र में बेहतर प्रदर्शन कर टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का अंतिम अवसर है। अब देखना है कि वह इसका कितना लाभ उठा पाते हैं। अभी तक उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पहले तीन मैचों में उनके नाम केवल 50 रन ही है और अगर वह इसी प्रकार खेलते रहे तो वापसी उनके लिए संभव नहीं होगी। आईपीएल के बाद भारतीय टीम सीधे ही टी20 विश्व कप में जाएगी। ईशान दक्षिण अफ्रीका में खेली गई सीरीज के बाद ही भारतीय टीम से बाहर हो गये थे। इसके कारण उन्हें केन्द्रीय अनुबंध भी नहीं मिला। उन्होंने जिस प्रकार अफ्रीका दौरे से नाम वापस ले लिया था उससे चयनकर्ता नाराज हो गये थे। वह इसके बाद विदेश में छुट्टी मनाते भी दिखे। इसके बाद बीसीसीआई के रणजी खेलने के आदेश को भी उन्होंने नहीं माना। इसकी जगह वह आईपीएल के लिए अभ्यास करते दिखे। ईशान ने पिछले कुछ सालों में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह लगातार टीम के साथ बने रहे और टी20 टीम का अहम हिस्सा थे। एकदिवसीय में उन्होंने दोहरा शतक लगाया पर इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाये। इसके बाद आईपीए में वह मुंबई इंडियंस के लिए पारी की शुरुआत करते हुए अब तक कुछ खास नहीं कर पाये हैं। आईपीएल में अगर वह अधिक से अधिक रन बनाते हैं तो उनकी भारतीय टीम में वापसी की संभावना है।



# साइमन डूल ने कहा, पंत और गिल को उनकी टीम में जगह नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 के खत्म होने के 5 दिन बाद ही टी20 वर्ल्ड कप 2024 शुरू हो रहा है। इसकारण इस साल के आईपीएल की एक अहम कहानी ये है कि खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप टीम में चुनने के लिए कैसा प्रदर्शन करते हैं। भारतीय टीम की घोषणा इसी महीने के अंत में होगी और आईपीएल का प्रदर्शन इसमें अहम होगा। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और महशूर कमेंटेटर साइमन डूल ने कहा है कि युवा प्रतिभा शुभमन गिल और ऋषभ पंत को उनकी टीम में जगह नहीं मिलेगी।

डूल का कहना है कि पंत एकतरफा बल्लेबाज हैं, जो सिर्फ लेग साइड पर ही ज्यादा रन बनाते हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनका अच्छा प्रदर्शन टी20 में दिखाई नहीं देता। दूसरी तरफ, गिल के लिए भारतीय टीम की ओपनिंग में जगह नहीं है क्योंकि पहले से ही कई मजबूत खिलाड़ी हैं। डूल ने कहा, पंत को टीम में जगह बनाने क लिए काफी मेहनत करनी होगी। उन्हें सिर्फ विकेटकीपर के भरोसे नहीं रहना चाहिए। उन्हें ये साबित करना होगा कि वे मिडिल ऑर्डर में भी नंबर 5 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। अभी उनकी बल्लेबाजी थोड़ी एकतरफा दिखाई देती है। टेस्ट में वहां शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन टी20 में पंत ये प्रदर्शन दोहराया नहीं जा सके हैं। उन्हें ऑफ साइड पर भी गेंद को मारना सीखना होगा और सिर्फ पॉवर हिटिंग के भरोसे नहीं रहना चाहिए।

डूल के अनुसार गिल के लिए टॉप ऑर्डर में जगह नहीं बनती दिख रही। उन्होंने कहा, वर्ल्ड कप में 15 खिलाड़ी जाते हैं लेकिन मेरे हिसाब से 18 खिलाड़ी होने चाहिए। आप एक ही अतिरिक्त ओपनर रख सकते हैं। अगर वहां केएल राहुल हैं, जो विकेटकीपिंग भी कर सकते हैं, तब ये बहुत फायदे की बात है। गिल का जायसवाल, कोहली या रोहित शर्मा से पहले टीम में जगह बना पाना मुश्किल है,तब उनका चयन मुश्किल है।

गिल भारत की वनडे और टेस्ट टीम के अहम खिलाड़ी हैं, लेकिन इस साल अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा गया था। हालांकि उन्होंने 2022 के आईपीएल में 890 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल की थी। उन्होंने भारत के लिए 14 टी20 मैच खेले हैं और उनके नाम एक शतक के साथ 335 रन हैं। दूसरी तरफ, ऋषभ पंत का टी20 रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 66 मैचों में सिर्फ 22.4 की औसत से 865 रन बनाए हैं।

# दिल्ली की हार के बाद बरसे कोच रिकी पोंटिंग

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में बुधवार 3 अप्रैल को खेले गए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स की टीम को मिली हार से हर कोई हैरान है। टॉस जीतकर इस दिल्ली के खिलाफ मैच में कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। टीम के प्रमुख स्पिनर सुनील नरेन से गौतम गंभीर ने फिर से ओपनिंग कराई और उन्होंने आकर 39 गेंद पर 85 रन की पारी खेल डाली। कोलकाता ने शुरुआती 11 ओवर में 150 रन ठेक डाले। डेब्यू करने उतरे अंगक्रिश रघुवंशी ने भी तेज अर्धशतक जमाया। आखिर में आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह की पारी की बदौलत टीम 272 रन तक पहुंचने में कामयाब हुई। टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कोलकाता नाइट राइडर्स से 106 रन से मिली हार को अस्वीकार्य और निराशाजनक बताया। उन्होंने टीम के कप्तान ऋषभ पंत समेत तमाम गेंदबाजों की जमकर लताड़ा और पूरी टीम को फटकार लगाई है।

दिल्ली कैपिटल्स ने पहले केकेआर को सात विकेट पर 272 रन बनाने दिए और बाद में पूरी टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर आउट हो गई। पोंटिंग ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' अभी इसकी समीक्षा करना मुश्किल है। पहले हाफ में टीम के प्रदर्शन से मैं बहुत निराश हूं। इतने रन देना समझ से परे है। हमने 17 वाइड गेंद डाली और अपने ओवर पूरे करने में दो घंटे लगे। नतीजा हम फिर दो ओवर पीछे रह गए जिसके मायने है कि आखिरी दो ओवर डालने वालों को सर्कल के बाद चार ही फील्डर मिले।'' कोलकाता के खिलाफ रसिक सलाम ने 3 ओवर में 47 रन दिए जबकि एनरिच नॉर्खिया ने 4 ओवर के बाद 59 रन खर्च कर डाले। ईशांत शर्मा ने 3 ओवर करने के बाद 43 रन लुटाए। उन्होंने कहा ,'' मैच में बहुत कुछ हुआ जो अस्वीकार्य है। हम टीम के भीतर इस पर बात करेंगे और जल्दी ही इसमें सुधार करेंगे। खुलकर अच्छी बातचीत होना जरूरी है।

# स्क्वाश : सेंथिल कुमार जर्मन ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



नई दिल्ली । राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11.5, 11.8, 9.11, 11.9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेइ को 6.11, 7.11, 11.6, 11.3, 11.9 से हराया था।

# विविधता के लिए अपनी गति को कम न करें मयंक : इशांत



बेंगलुरू । सीनियर साथी इशांत शर्मा ने आईपीएल में अपने प्रदर्शन से धूम मचाने वाले युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव को अपनी तेज रफ्तार से समझौता नहीं करने को कहा है। इशांत के अनुसार आमतौर पर युवाओं को गेंदबाजी में विविधता जोड़ने के लिए गति कम करने की सलाह दी जाती है पर मेरा मानना है कि मयंक को ऐसा नहीं करना चाहिये। मयंक ने रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आईपीएल के वर्तमान सत्र की सबसे तेज गेंद फेंकी थी। मयंक को इसके बाद इशांत और एक अन्य तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने भी गेंदबाजी को लेकर अहम सलाह दी हैं। मयंक ने कहा,' दिल्ली में मैंने जितने भी गेंदबाजों से बात की उनमें इशांत और सैनी ने मुझसे कहा कि कि अगर मैं कुछ नया जोड़ना चाहूं, तब भी इसी गति से गेंदबाजी करता रहूं। ' अगर मैं अपनी गेंदबाजी में नया कौशल जोड़ना चाहता हूं तो मुझे इसे अपनी गति को बरकरार रखते हुए ही जोड़ना चाहिए। मुझे किसी तरह का ऐसा कौशल नहीं चाहिए जिसमें मुझे अपनी गति से समझौता करना पड़े।' आरसीबी के खिलाफ चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लेने वाले मयंक ने कहा कि उनका ध्यान हमेशा ही विकेट हासिल करने पर लगा रहता है। मयंक ने कहा,' मेरा ध्यान गति पर उतना नहीं होता है जितना विकेट लेने और विकेट लेकर टीम के लिए योगदान देने पर रहता है। हालांकि गेंदबाजी करते समय मेरे दिमाग में यह बात रहती है कि जब भी मैं गेंद करूं तो उसकी गति अच्छी होनी चाहिए। मैच के दौरान मैं केवल अपनी गेंदबाजी पर ध्यान केंद्रित करता हूं।'

# पेरिस ओलंपिक से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दम दिखाने आज उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

**पर्थ (एजेंसी)।** शानदार फॉर्म में दिख रही भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने शनिवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस श्रृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का मुहंतोड़ जबाव देना है। यह मैच दो बजे से खेला जाएगा।



भारत ने आखिरी बाद 2014 में विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में बेहतर प्रदर्शन के बाद टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली। दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रुप में है, इसकारण दोनों ही टीमों को एक दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। हमें पता है कि आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी है, लेकिन हमें अपनी क्षमता और तैयारियों पर भरोसा है। हमारा लक्ष्य सिर्फ इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना नहीं बल्कि एक ईकाई के रूप में खुद को निखारना भी है।

अभी तक आस्ट्रेलिया और भारत के बीच कुल मैच 43 खेले गए है जिसमें से ऑस्ट्रेलिया ने 28 जीते और भारत ने 8 मैचों में जीत दर्ज किया हैं साथ ही 7 मैच ड्रॉ रहे।

# दक्षिण अफ्रीकी फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की हत्या



जोहानिसबर्ग । दक्षिण अफ्रीका के फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की यहां लूटपाट की एक घटना में हत्या कर दी गई। उनके क्लब काइजेर चीफ्स ने यह जानकारी दी। 24 वर्ष के डिफेंडर ल्यूक को उस समय गोली मारी गई जब वह हनीड्यू इलाके में पेट्रोल पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। क्लब ने एक बयान में कहा, 'ल्यूक फ्लूर्स की जोहानिसबर्ग में लूटपाट की घटना में कल रात हत्या हो गई है। इस कठिन समय में उनके परिवार और दोस्तों के प्रति हमारी संवेदनाएं।' पुलिस के प्रवक्ता मावेला मासोंडो ने बताया कि हमलावर ल्यूक की कार लेकर भाग गए। पुलिस कार लूटने और हत्या की जांच कर रही है। फ्लूर्स तोक्यो ओलंपिक में दक्षिण अफ्रीका टीम का हिस्सा थे।

# आईओए में गतिरोध जारी, कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर लगाई रोक

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में जारी अंतर्कलह ने आज नया मोड़ ले लिया जब इसकी कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने अनधिकृत व्यक्तियों को मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने का नोटिस जारी किया। यह नोटिस कार्यकारी परिषद के सदस्यों की बैठक के बाद आईओए कार्यालय पर लगाया गया।

आईओए अध्यक्ष पी टी उषा और कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों की छह जनवरी को सीईओ पद पर रघुराम अय्यर की नियुक्ति के बाद से ठनी हुई है। अय्यर पहले आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के सीईओ रह चुके हैं। नोटिस पर कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों के हस्ताक्षर है जिसमें लिखा गया है , यह नोटिस यह बताने के लिये जारी किया गया है कि अनधिकृत व्यक्तियों का आईओए कार्यालय में प्रवेश निषेध है। ''

नोटिस पर सीनियर उपाध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव और गगन नारंग, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव और सदस्य डोला बनर्जी, हरपाल सिंह, योगेश्वर दत्त , अमिताभ शर्मा और भूपिंदर सिंह बाजवा के हस्ताक्षर है। समझा जाता है कि उषा अभी दिल्ली में नहीं है लेकिन उन्हें जानकारी दे दी गई है। अय्यर के सीईओ बनने के बाद कार्यकारी परिषद के 15 में से 12 सदस्यों ने आरोप लगाया था कि उषा ने उनकी नियुक्ति के लिये दबाव बनाया है जबकि उषा ने इन आरोपों को शर्मनाक बताया था।




# भारत, दक्षिण अफ्रीका में डोपिंग के सबसे अधिक मामले मिले : वाडा

नई दिल्ली (ईएमएस) । भारत में भी अब खेलों में डोपिंग के मामले तेजी से बढ़ रह हैं। इसका कारण खिलाड़ियों का अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबंधित दवाओं का प्रयोग माना जा रहा है। वहीं कई बार अनजाने में ली गयी दवा से ये प्रतिबंधित पदार्थ खिलाड़ी के अंदर चले जाते हैं जिसके कारण भी वह जांच में पॉजिटिकव निकल जाते हैं। विश्व की डोपिंग रोधी संस्था वाडा ने कहा है कि भारत में खिलाड़ियों के डोपिंग में असफल रहने के सबसे ज्यादा मामले सामने आये हैं। वाडा के अनुसार 2000 या अधिक टेस्ट कराने वाले देशों में भारत में डोपिंग के सबसे ज्यादा मामले दर्ज किये गये हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका इसमें दूसरे नंबर पर है। वाडा के अनुसार भारत में 3865 नमूनों की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव पाये गये। ये नमूनों की संख्या का 3.2 फीसदी है। वहीं नमूनों की जांच के मामले में भारत 11वें स्थान पर है पर डोपिंग के मामले रूस 85, अमेरिका 84, इटली 73 और फ्रांस 72 जैसे देशों से ज्यादा हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने 2023 नमूनों की जांच की जिसमें से 2.9 फीसदी पॉजीटिव रहे जबकि तीसरे स्थान पर कजाखस्तान रहा उसके खिलाड़ियों के 2174 नमूनों में से 1.9 फीसदी पॉजीटिव निकले। चौथे स्थान पर नॉर्वे और अमेरिका रहे। चीन के रिकॉर्ड 19228 नमूनों की जांच की गयी। उसके पॉजिटिव खिलाड़ियों की तादाद म 0.2 फीसदी रही। रूस में 10186 नमूनों की जांच की और 0.8 फीसदी पॉजिटिव पाये गये।

# आशुतोष शर्मा का खुलासा... एक फोन आया और फिर बदल गई किस्मत

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट आशुतोष शर्मा ने खुलासा किया कि कैसे वह ट्रायल के बाद जाने के लिए तैयार थे, लेकिन रुक गए और आखिरकार अपने पहले आईपीएल सीजन में फ्रेंचाइजी का हिस्सा बने। आशुतोष ने गुजरात पर जीत में पीबीकेएस के लिए शानदार प्रदर्शन किया। गुजरात के खिलाफ 200 रनों के लक्ष्य का पीछा कर पंजाब ने 15.3 ओवर के बाद 6 विकेट पर 150 रन बना लिए थे, तभी आशुतोष क्रीज पर आए और शशांक सिंह के साथ 22 गेंदों में 43 रनों की पारी खेलकर मैच जीता दिया।

आशुतोष ने कहा कि वह अपने पीबीकेएस ट्रायल के बाद घर जाने के लिए तैयार थे, तभी टीम प्रबंधन ने उन्हें एक अतिरिक्त दिन रुकने के लिए नहीं कहा। रेलवे के बल्लेबाज ने खुलासा किया कि उन्हें एक अन्य आईपीएल टीम द्वारा अनुबंध की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने पीबीकेएस के साथ रहने का फैसला किया और अंततः टीम में शामिल हो गए।

आशुतोष ने कहा, मैंने पंजाब के साथ अपना परीक्षण अच्छा किया और घर के लिए रवाना होने के लिए पूरी तरह तैयार था। मैंने रात के लिए अपनी फ्लाइट बुक की थी, लेकिन फिर उन्होंने मुझे फोन कर कहा कि एक और दिन रुकें। मुझे एक और ट्रायल के लिए जाना था। फिर मैंने सोचा कि नहीं, अगर वे मुझे रुकने के लिए कह रहे हैं, तब यह कुछ अच्छा हो सकता है और मैं दूसरी टीम का ट्रायल छोड़ दूंगा, मैं नहीं गया और इसीलिए मैं इसका हिस्सा हूं।

आशुतोष ने पीबीकेएस के क्रिकेट निदेशक संजय बांगर से मिले मार्गदर्शन के बारे में भी बात की जिसका उनके करियर पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। आशुतोष के अनुसार बांगड़ ने उन्हें सलाह दी कि वह उतना आलसी नहीं है जितना लोगों ने सोचा था और उसे अपने अद्भुत क्रिकेट स्ट्रोक्स पर विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने कहा, सभी ने मुझे एक स्लॉगर के रूप में देखा। लेकिन बांगड़ सर ने कहा कि तुम एक स्लॉगर नहीं हो।



# ओल्टमेंस से कोच बनने बात कर रहा पाकिस्तान हॉकी महासंघ

लाहौर । पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए अब नीदरलैंड के रोलेंट ओल्टमेंस को अपनी राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच बनाना चाहता है। इसी को लेकर पीएचएफ अब ओल्टमेंस से बात कर रहा है। पीएचएफ ने मलेशिया और पोलैंड में मई जून में होने वाले अजलन शाह कप और नेशंस कप के लिये ओल्टमेंस को पाक टीम का कोच बनने को कहा है। ओल्टमेंस भारतीय टीम के भी कोच रहे हैं। पीएचएफ के एक गुट के सचिव राणा मुजाहिद ने कहा है कि ओल्टमेंस से संपर्क किया गया है जबकि दूसरे धड़े का के सचिव हैदर हुसैन ने कहा है कि मुजाहिद के गुट को पीएचएफ से बाहर किया जा सकता है। ओलंपियन कलीमुल्लाह, वसीम फिरोज, नासिर अली और हनीफ खान के साथ हुसैन ने कहा कि केवल उनके गुट को ही विश्व हॉकी महासंघ (एफआईएच) से मान्यता मिली है। उन्होंने कहा,'' दो टूर्नामेंटों के आयोजकों ने हमसे माफी मांगी है कि उन्होंने गलती से लाहौर स्टेडियम में न्योता भेज दिया था क्योंकि हम ही मान्यता प्राप्त ईकाई हैं और इन टूर्नामेंटों में टीम भेज सकते हैं।'' पीएचएफ सचिव और पूर्व ओलंपियन ने कहा कि एफआईएच राष्ट्रीय महासंघ को निलंबित कर सकता है। ओल्टमेंस 2004 में पाकिस्तान की सीनियर और जूनियर टीम के कोच थे और हाल ही में जूनियर टीम से जुड़े थे।

# माता की चौकी वास्तु अनुसार करें स्थापित
# रंग, दिशा, मुहूर्त का रखें ख्याल

**इस साल चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा तिथि 08 अप्रैल को रात 11:50 मिनट से शुरू होगी। यह तिथि 09 अप्रैल को संध्याकाल 08:30 मिनट पर समाप्त होगी। हिंदू धर्म में उदया तिथि ही मानी जाती है। इसलिए 09 अप्रैल को कलश स्थापना होगी। उदया तिथि के अनुसार, 09 अप्रैल को कलश स्थापना का समय सुबह 05:52 बजे से 10:04 बजे तक है। इसके अलावा 11:45 मिनट से दोपहर 12:35 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त है। इन दोनों मुहूर्त में घट स्थापना कर सकते हैं।**

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होती है। इस साल चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा तिथि 08 अप्रैल को रात 11:50 मिनट से शुरू होगी। यह तिथि 09 अप्रैल को संध्याकाल 08:30 मिनट पर समाप्त होगी। हिंदू धर्म में उदया तिथि ही मानी जाती है। इसलिए 09 अप्रैल को कलश स्थापना होगी। उदया तिथि के अनुसार, 09 अप्रैल को कलश स्थापना का समय सुबह 05:52 बजे से 10:04 बजे तक है। इसके अलावा 11:45 मिनट से दोपहर 12:35 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त है। इन दोनों मुहूर्त में घट स्थापना कर सकते हैं।



### सर्वार्थ सिद्धि योग में नवरात्रि

चैत्र नवरात्र के पहले दिन यानी प्रतिपदा तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इस दिन अमृत और सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण सुबह 07 बजकर 32 से हो रहा है। ये दोनों योग संध्याकाल 05 बजकर 06 मिनट तक हैं। चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा इस बार घोड़े पर सवार होकर आएंगी। मां दुर्गा का वाहन इस बात ? पर निर्भर करता है कि नवरात्रि का पर्व किस दिन से आरंभ हो रहा है। पंचांग के अनुसार, इस साल नवरात्रि का आरंभ 09 अप्रैल मंगलवार से हो रहा है। इसलिए मां दुर्गा का वाहन अश्व यानी घोड़ा होगा।

17 अप्रैल यानी बुधवार को नवरात्रि का समापन होगा और माता रानी हाथी पर प्रस्थान करेंगी माता का हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करना शुभ संकेत है। ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज कुमार द्विवेदी और आचार्य पवन तिवारी ने बताया कि 09 अप्रैल से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ ही विक्रम संवत 2081 की शुरुआत होगी। इसके एक दिन पहले सोमवती अमावस्या होगी।

### नवरात्रि माता की चौकी स्थापना विधि

नवरात्र में माता की चौकी लगाने का विशेष महत्व है। ज्योतिषाचार्य आशमा शर्मा ने बताया कि माता की मूर्ति को ईशान कोण में स्थापित करें। ऐसा माना जाता है कि ईशान कोण की दिशा सबसे उत्तम होती है। साथ ही इस दिशा को सबसे पवित्र माना जाता है और इसमें ईश्वर का वास होता है। उन्होंने बताया कि वास्तु के अनुसार, माता की प्रतिमा को लकड़ी की पटली पर रखें। यदि आपके पास चंदन की चौकी हो तो उस पर भी रख सकते हैं।

उन्होंने बताया कि अगर घर में मां की मूर्ति स्थापित कर रहे हैं, तो इस बात का ध्यान रखें कि तीन इंच से बड़ी प्रतिमा न हो। साथ ही मूर्ति का रंग हल्का पीला, हरा या फिर गुलाबी होना चाहिए। पूजा सामग्री में पीले और लाल रंग का उपयोग करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि पीला रंग जीवन में उत्साह और लाल रंग उमंग लाता है। वहीं, इस दौरान भूलकर भी काले रंग का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

मान्यता है कि काले रंग से घर में नकारात्मक ऊर्जा आती है। कलश स्थापना से लेकर व्रत के आखिरी दिन तक सभी काम शुभ मुहूर्त के अनुसार किए जाते हैं। इस दौरान भक्तजन अखंड ज्योति जलाने के साथ-साथ पूरे विधि-विधान से माता के सभी स्वरूपों की पूजा करते हैं। नवरात्र में पूजा को लेकर वास्तु नियमों का पालन करना बेहद शुभ होता है।

मान्यता है कि यदि वास्तु के अनुसार माता की चौकी लगाई जाए, तो घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

# चैत्र नवरात्रि से 1 दिन पहले लगेगा सूर्य ग्रहण
# इस दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं ?

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में सूर्य ग्रहण और चंद्रग्रहण की घटना बेहद महत्वपूर्ण मानी गई है। मान्यता है कि इस खगोलीय घटना का प्रभाव जनमानस पर भी पड़ता है। दृक पंचांग के अनुसार, इस साल 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि का आरंभ हो रहा है। इससे ठीक 1 दिन पहले यानी 8 अप्रैल को सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। ज्योतिष में सूतक काल से लेकर ग्रहण तक शुभ कार्यों की मनाही होती है। इस दौरान कुछ कार्यों के अशुभ परिणाम भी मिल सकते हैं। 8 अप्रैल को लगने वाला सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा। इसलिए सूतक काल भी मान्य नहीं होगी। लेकिन ग्रहणकाल के दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं कि नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए सूर्य ग्रहण के दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं ?

- **अन्न-जल न ग्रहण करें :** सूर्य ग्रहण के दौरान भोजन या पानी का सेवन करने से बचना चाहिए। सूतक काल शुरू होने से पहले ही पके हुए खाने में तुलसी का पत्ता डाल दें।
- **शुभ कार्यों की न करें शुरुआत :** सूर्यग्रहण के दौरान ब्राह्मांड में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसलिए इस दौरान शुभ कार्यों की मनाही होती है।
- **बालों में कंघी न करें :** मान्यता है कि ग्रहण काल के दौरान बालों में कंघी नहीं करना चाहि और न ही नाखून काटना चाहिए।



- **गर्भवती महिलाएं रखें खास ध्यान :** ग्रहण के दौरान प्रेग्नेंट लेडीज को अपना खास ख्याल रखना चाहिए। इस दौरान सुई, चाकू समेत किसी भी नुकीली वस्तु का स्पर्श न करें। साथ ही यात्रा करने से बचें।
- **इन पौधों को न करें स्पर्श :** मान्यता है कि सूर्य ग्रहण के दौरान पीपल और तुलसी का पेड़ नहीं स्पर्श करना चाहिए और न ही इस समय तुलसी का पत्ता तोड़ना चाहिए।
- **पूजा-पाठ न करें :** सूर्य ग्रहण के समय देवी-देवताओं को स्पर्श नहीं करना चाहिए और न ही पूजा करना चाहिए। इस दौरान मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं।
- इस दौरान पानी और पके हुए भोजन में तुलसी का पत्ता डाल दें।
- सूर्य ग्रहण खत्म होने के बाद सबसे पहले पानी में तुलसी का पत्ता डालकर स्नान करें।
- सूर्य ग्रहण के बाद अन्न, धन, दूध, दही, शक्कर और कपड़े दान कर सकते हैं।
- ग्रहण समाप्त होने के बाद घर में गंगाजल का छिड़काव करें।

# जब चोरी के आरोप में अदालत पहुंच गए थे बागेश्वर बाबा, 'चमत्कार' से छूटी थी जान: बताया किस्सा

बागेश्वर धाम के पीठाधीश धीरेंद्र कृष्ण शात्री अपने दरबार के दौरान कई बार रोचक किस्से भी सुनाते रहते हैं। एक बार उन्होंने बताया था कि किस तरह से चोर का नाम बताने पर वह खुद फंस गए और फिर उन्हें कोर्ट तक चक्कर लगाना पड़ा।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने चमत्कारों के अलावा बयानों की वजह से भी चर्चा में रहते हैं। हजरत अली को लेकर की गई टिप्पणी के बाद मुस्लिम संगठनों ने उनके खिलाफ पुलिस के पास शिकायत की है। वहीं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने वीडियो जारी कर माफी मांगी है और कहा है कि उनका मकसद किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था। धीरेंद्र कृष्ण शात्री अपने दरबार के दौरान कई बार रोचक किस्से भी सुनाते रहते हैं। एक बार उन्होंने बताया था कि किस तरह से चोर का नाम बताने पर वह खुद फंस गए और फिर उन्हें कोर्ट तक चक्कर लगाना पड़ा। शास्त्री ने कहा, दरबार में एक बार किसी ने चोरी के बारे में पूछा। इसपर मैंने चोर का नाम बता दिया। अब चोर ने पुलिस के सामने मेरा भी नाम ले लिया और कहा चलो बाबा। कोर्ट में एक मिश्रा जी जज थे। उन्होंने कहा, तुम्हें चोर का नाम कैसे पता था, क्या तुम भी चोरी में शामिल थे? इसपर मैंने कहा, श्रीमान ऐसा ना कहो। हम तो विचार करते हैं तो पता चल जाता है। इसके बाद कोर्ट में परीक्षा हुई। उन्होंने एक डब्बा सामने रखा और पूछा कि इसमें क्या है।

शात्री ने आगे बताया, इसमें एक सोनाटा की घड़ी है। दो बजकर 12 मिनट पर कांटा है और पीले रंग की है। इसके बाद हम बाइज्जत बरी हो गया और चोर पकड़ा गया। उसने चोरी भी कबूल कर ली। इसके बाद जज साहब भी हमारे चेला हो गए।



उन्होंने दावा किया कि जज ने बाद में बताया कि चोर का नाम बताया करो लेकिन माइक पर ना बताया करो। पेपर पर लिखकर दिखा दिया करो और फिर काट दिया करो। ऐसे में कोई तुम्हारा बाल भी बाका नहीं कर पाएगा। तब से हम समझदार हो गए।

इसी तरह धीरेंद्र कृष्ण शात्री एक और किस्सा बताते हैं और कहते हैं कि एक बार टीईटी ने उन्हें ट्रेन में बिना टिकट पकड़ लिया था। लेकिन जिसने पकड़ा था वही 1100 रुपये देकर गया। एक बार हमारी जेब कट गई। जेब में 1300 रुपये थे और नोकिया का मोबाइल था। एक ट्रेन में एसी कोच में चढ़ गए। हम बाथरूम के पास आकर खड़े हो गए। टीईटी आया और उसने टिकट मांगा। हमने कहा टिकट होती तो यहां खड़े होते। तब हमारी उम्र 14 या 15 साल की थी। टीईटी ने कहा आगे ट्रेन रुकेगी तो जनरल में चले जाना। हमने कहा जनरल में क्यों जाएं। इसके बाद उसने कहा पुलिस को बुलाएंगे। हमने बालाजी से कहा, बेइज्जती करवाओगे। इसके बाद हमने कहा, तुम्हारा नाम अमर सिंह है। उसने कहा, है तो। हमने उसके पिता का नाम बताया। अब तो वह न्यूट्रल हो गया। उसने कहा, तुम्हें कैसे पता। हमने कहा, मुझे यह भी पता है कि तुम्हारी पत्नी का नाम सविता है और तुम्हारी कोई संतान नहीं है। इसके बाद उसने सीट भी दी और 1100 भी देकर गया।

# चैत्र नवरात्रि: सबसे पहले भगवान राम ने रखा था 9 दिनों का व्रत

**चैत्र नवरात्रि की शुरुआत जिनके द्वारा हुई थी उन्होंने भी माता से आध्यात्मिक बल और विजय की कामना की थी। वाल्मीकि रामायण में वर्णित है कि, किष्किंधा के पास ऋष्यमूक पर्वत पर लंका पर चढ़ाई से पहले भगवान राम ने माता दुर्गा की उपासना की थी। ब्रह्मा जी ने श्री राम को माता दुर्गा के स्वरूप, चंडी देवी की पूजा करने की सलाह दी थी। ब्रह्मा जी की सलाह पाकर भगवान राम ने प्रतिपदा तिथि से नवमी तिथि तक चंडी देवी का पाठ किया था।**



नवरात्रि में माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। शक्ति स्वरूपा माता दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए साल में दो बार शारदीय और चैत्र नवरात्रि के दौरान भक्त माता की उपासना करते हैं। नवरात्रि में माता की आराधना करने का विधान सदियों से चला आ रहा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि सबसे पहले नवरात्रि में 9 दिनों तक व्रत किसने रखे थे ? कैसे चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हुई थी ? अगर नहीं तो, आज हम आपको बताएंगे कि नवरात्रि की शुरुआत कैसे हुई थी और सबसे पहले किसने नवरात्रि के व्रत रखे थे।

माता दुर्गा स्वयं शक्ति स्वरूपा हैं और नवरात्रि में भक्त आध्यात्मिक बल, सुख-समृद्धि की कामना के साथ इनकी उपासना करते हैं। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत जिनके द्वारा हुई थी उन्होंने भी माता से आध्यात्मिक बल और विजय की कामना की थी। वाल्मीकि रामायण में वर्णित है कि, किष्किंधा के पास ऋष्यमूक पर्वत पर लंका पर चढ़ाई से पहले भगवान राम ने माता दुर्गा की उपासना की थी। ब्रह्मा जी ने श्री राम को माता दुर्गा के स्वरूप, चंडी देवी की पूजा करने की सलाह दी थी। ब्रह्मा जी की सलाह पाकर भगवान राम ने प्रतिपदा तिथि से नवमी तिथि तक चंडी देवी का पाठ किया था।

### भगवान राम को मिला माता का आशीर्वाद

ब्रह्मा जी ने चंडी पाठ के साथ ही राम जी को यह भी बताया कि, पूजा सफल तभी होगी जब चंडी पूजन और हवन के बाद 108 नील कमल भी अर्पित किये जाएंगे। ये नील कमल अतिदुर्लभ माने जाते हैं। राम जी को अपनी सेना की मदद से ये 108 नील कमल तो मिल गये, लेकिन जब रावण को ये बात पता लगी तो उसने अपनी मायावी शक्ति से एक नील कमल गायब कर दिया। चंडी पूजन के अंत में भगवान राम ने जब कमल के पुष्प चढ़ाए तो एक कमल कम निकला। ये देखकर वो चिंतित हुए, लेकिन अंत में उन्होंने कमल की जगह अपनी एक आंख माता चंढी पर अर्पित करने का फैसला लिया। अपने नयन अर्पित करने के लिए जैसे ही उन्होंने तीर उठाया तभी माता चंडी प्रकट हुईं। माता चंडी उनकी भक्ति से प्रसन्न हुईं और उन्हें विजय का आशीर्वाद दिया।

प्रतिपदा से लेकर नवमी तक माता चंडी को प्रसन्न करने के लिए श्री राम ने अन्न जल भी ग्रहण नहीं किया था। नौ दिनों तक माता दुर्गा के स्वरूप चंडी देवी की पूजा करने के बाद भगवान राम को रावण पर विजय प्राप्त हुई। ऐसा माना जाता है कि तभी से नवरात्रि की शुरुआत हुई, और भगवान राम नवरात्रि के 9 दिनों तक व्रत रखने वाले पहले राजा और पहले मनुष्य थे।

साल 2024 में नवरात्रि की शुरुआत 9 अप्रैल से होने वाली है। माता की कृपा प्राप्त करने के लिए भक्तों द्वारा लिये जाने वाले ये व्रत बेहद शुभ फलदायी माने जाते हैं। श्रद्धापूर्वक माता की उपासना करने से जीवन के सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है।

# तुलसी पौधे के पास भूलकर भी शिवलिंग या गणेश जी की मूर्ति नहीं रखना चाहिए

पत्थर का एक छोटा सा शिवलिंग जो हम किसी पौधे के पास गमले में रखा हुआ देखते हैं। कई बार यह तुलसी के पौधे के पास भी रखा हुआ नजर आ जाता है। मंदिर में यदि तुलसी का पौधा लगा है तो कुछ लोग यहां छोटा सा शिवलिंग रख देते हैं। तुलसी के पौधे के पास शिवलिंग को रखना अच्छा होता है या नहीं।



**शिवलिंग :** तुलसी के पास भूलकर भी शिवलिंग नहीं रखते हैं। तुलसी पहले वृंदा के रूप में जालंधर की पत्नी थी, जिसका शिवजी ने वध किया था। वृंदा इससे दु:खी होकर बाद में तुलसी का पौधा बन गई थी। इसलिए भगवान शिव को उन्होंने अपने आलौकिक और देवीय गुणों वाले तत्वों से वंचित कर दिया। दूसरा भगवान विष्णु ने तुलसी को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया है इसलिए भी शिवलिंग को तुलसी के पास नहीं रखते हैं और शिवलिंग पर तुलसी का पत्ता नहीं चढ़ाते चाहिए।

**गणेशमूर्ति :** पौराणिक कथा के अनुसार देवी तुलसी ने जब गणपति को देखा तो उन्होंने उनसे शादी का अनुरोध किया। गणेशजी ने इससे इनकार कर दिया। रुष्ठ होकर तुलसी ने गणेशजी को श्राप दिया कि आपकी दो शादियां होंगी। यही कारण है कि तुलसी के पौधे के पास गणेशजी की मूर्ति भी नहीं रखते हैं।

**शालिग्राम :** तुलसी के पौधे के बाद श्रीहरि का विग्रह रूप शालिग्राम रख सकते हैं। इसके अलावा माता लक्ष्मी की मूर्ति भी रख सकते हैं। श्रीहरि से संबंधित वस्तुओं को रख सकते हैं।

# 10 अप्रैल को भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव

सिंधी समाज के हिंदुओं द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार चेटी चंड हिंदू कैलेंडर के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की दूज को आता है। इस बार यह पर्व 10 अप्रैल को मनाया जाएगा। अधिकांशत: यह पर्व, उगादी तथा गुड़ी पड़वा के एक दिन बाद मनाया जाता है। दरअसल इस दिन भगवान झूलेलाल प्रकट हुए थे। इसी की स्मृति में यह पर्व मनाया जाता है। इसी दिन से नववर्ष की शुरुआत भी होती है।

झूलेलाल जी को उडेरोलाल भी कहते हैं, जो की सिन्धियों के प्रमुख संरक्षक भगवान हैं। भगवान झूलेलाल हिन्दूदेव वरुणदेव के अवतार माने जाते हैं। सिंध प्रांत के हिन्दुओं को मुस्लिम अत्याचार से बचाने के लिए ही इनका अवतार हुआ था। यह एक



चमत्कारिक संत थे। झुलेलालजी को जिन्दपीर, लालशाह, पल्लेवारो, ज्योतिनवारो, अमरलाल, उदेरोलाल, घोड़ेवारो भी कहते हैं। इन्हें मुसलमान भी ख्वाजा खिज्र जिन्दह पीर के नाम से पूजते हैं। पाकिस्तानी सिंधी लोग इन्हें प्रभु लाल साईं कहते हैं।

चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत 1007 को झूलेलालजी का जन्म नसरपुर के ठाकुर रतनराय के यहां हुआ था। उनके माता पिता ने उनका नाम लाल उदयराज रखा था। लोग उन्हें उदयचंद भी कहते थे। पाकिस्तान के नसरपुर में झूलेलाल का प्रसिद्ध समाधी मंदिर है। हालांकि यह मंदिर अब दरगाह के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है। यहां दुनियाभर से लोग आकर माथा टेकते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं।



# आमिर को फिल्मों के कंटेंट पर हमेशा रहा गहरा भरोसा

बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान सच में अपने गलत पहचान रखते हैं और हमेशा एक अलग रास्ता चुनते हैं। अपनी फिल्मों के हेवी प्रमोशन के बावजूद, आमिर लगातार कंटेंट डॉमिनेटेड फिल्म्स बनाकर दर्शकों का विश्वास जीतते आ रहे हैं। उन्होंने हमेशा अपनी फिल्मों को रियलिटी शोज पर प्रमोट करने से दूर रखा है। सुपरस्टार को अपने कंटेंट पर हमेशा से गहरा भरोसा रहा है और हमेशा कंटेंट और सब्जेक्ट को आगे रखा है। ताकि उनकी कहानियां आम लोगों के बीच जुड़ाव महसूस करा सकें। आमिर खान की फिल्में हो या उनके प्रोडक्शन से आने वाली फिल्में आमिर ने प्रमोशन में हमेशा अपने आप को पीछे रखा है। पिछले महीने की ही बात करें तो उनके प्रोडक्शन तले रिलीज की गई फिल्म लापता लेडीज को सभी तरफ से खूब प्यार मिला था और वह एक ताजा उद्धरण भी है। इस फिल्म ने दर्शकों के दिलों को अपने कंटेंट के आधार पर जीत लिया और अभी भी उसे खूब प्यार मिल रहा है। जब बात कंटेंट ओरिएंटेड सब्जेक्ट ही आती है तो आमिर खान प्रोडक्शन का कभी खत्म न होने वाला सफर जारी रहता है। इस बीच, वर्क फ्रंट पर, आमिर खान इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म सितारे ज़मीन पर में दिखाई देंगे, जो इस क्रिसमस पर रिलीज़ होगी, और वह अपने आमिर खान प्रोडक्शंस की सबसे महत्वाकांक्षी लाहौर 1947 भी ला रहे हैं, जिसमें सनी देओल मुख्य भूमिका में हैं और राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित है। बता दें कि इंडस्ट्री के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान बिना किसी शक भारतीय सिनेमा के टॉप एक्टर्स में एक हैं। इस मल्टी टैलेंटेड एक्टर ने हमेशा अपनी फिल्मों जैसे 3 इडियट्स, पीके, दंगल, गजनी, तारे ज़मीन पर, और कई अन्य फिल्मों से दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ी है। हाल के समय में, जहाँ बहुत से स्टार्स हैं और सुपरस्टार अपनी फिल्मों की ज्यादा से ज्यादा प्रमोशन करने में विश्वास रखते हैं और अपनी फिल्मों में मल्टी-सिटी टूर करके प्रचार करते हैं और द कपिल शर्मा शो जैसे रियलिटी शो में भी जाते हैं, वहीं आमिर खान ने खुद को सभी से अलग रखा है।



# अपने बिजी शेड्यूल के बाद भी अपनी पर्सनल लाइफ को टाइम देंगी नेहा धूपिया

एक्ट्रेस नेहा धूपिया इन दिनों कई प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वह इतने बिजी शेड्यूल के बाद भी एक मां, अभिनेत्री, दोस्त और साथी के रूप में समय निकालने की कोशिश करेंगी। एक्ट्रेस नेहा धूपिया इन दिनों कई प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वह इतने बिजी शेड्यूल के बाद भी एक मां, अभिनेत्री, दोस्त और साथी के रूप में समय निकालने की कोशिश करेंगी। नेहा ने अभी-अभी 'नो फिल्टर नेहा' किया है। एक्ट्रेस के पास विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी के साथ 'थेरेपी शेरेपी' के अलावा ओटीटी शो 'बैड न्यूज' और 'ब्लू 52' नामक एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म है। नेहा ने आईएएनएस से कहा, 'मैं वर्तमान में चार प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं। 'नो फिल्टर नेहा' के अलावा मेरे पास एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्म भी है। मुझे लगता है कि इस साल मेरे पास बहुत काम है। पिछले साल भी मैंने काफी कुछ किया था।' वह इस बात से सहमत हैं कि व्यस्त कार्यक्रम का कार्य-जीवन संतुलन पर प्रभाव पड़ सकता है। नेहा ने कहा : 'यह मेरे लिए एक व्यस्त दौड़ रही है और मुझे ऐसा लगता है कि कभी-कभी काम से जीवन थोड़ा असंतुलित हो जाता है।' उन्होंने आगे कहा, मैं अपने काम के चलते एक मां, एक पेशेवर, एक अभिनेत्री, निर्माता, होस्ट, एक दोस्त और एक साथी के रूप में दूर नहीं जा रही हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि मुझे हर चीज करने के लिए समय मिले, जिसमें मैं खुशी ढूंढती हूं।'



## कॉमेडी-सस्पेंस ड्रामा...

# 'द डिफेक्टिव डिटेक्टिव्स' में है हंसी का तड़का और साजिश

देश भर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली 'द डिफेक्टिव डिटेक्टिव्स' एक अंग्रेजी भाषा की कॉमेडी फिल्म है, जो बेहद मनोरंजक है। अगर आप कॉमेडी फिल्म देख रहे हैं तो आपको ऐसे कंटेंट की जरूरत है, जो आपके चेहरे पर हंसी ला सके। कॉमेडी फिल्म आपकी सभी समस्याओं को भुला देने का काम करती है। इस तरह की फिल्में आपका दिन बना सकती है। देश भर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली 'द डिफेक्टिव डिटेक्टिव्स' एक अंग्रेजी भाषा की कॉमेडी फिल्म है, जो बेहद मनोरंजक है। इसे देखते समय आप एक पल के लिए बोर नहीं होंगे। 'द डिफेक्टिव डिटेक्टिव्स' में तीन दोस्तों श्री, आदि और मानव की कहानी दिखाई गई है। इसमें श्री को अंधा, आदि को बहरा और मानव को गूंगा दिखाया गया है। वह अपनी शारीरिक अक्षमताओं के बावजूद एक जासूसी एजेंसी शुरू करने की एक हास्यपूर्ण यात्रा की शुरूआत करते हैं। वह अपने तरीके से समस्याओं को और जटिल बना देते हैं। जब वे मामलों की जांच करने की कोशिश करते हैं तो उनकी हरकतें कई हास्यास्पद स्थितियां पैदा करती हैं। श्री, आदि और मानव के साथ, निर्देशक परितोष पेंटर अनोखे किरदार बनाने की कोशिश करते हैं जो अपने मजेदार कृत्यों लोगों को हंसाते रहते हैं। दर्शकों को हंसाने के उनके गुदगुदाने के तरीके, फिल्म का बड़ा हिस्सा है। सिद्धार्थ जाधव, जयेश ठक्कर और विष्णु मेहरा आश्चर्यजनक रूप से प्रफुल्लित करने वाले हैं। वे फिल्म को अधिक देखने योग्य और काफी हद तक मनोरंजक बनाते हैं। उन्होंने अपने पात्रों को बेहतर तरीके से स्क्रीन पर जीवंत किया है। इस बेहतरीन कॉमेडी फिल्म के अन्य कलाकारों का शानदार प्रदर्शन भी सराहनीय है। जॉनी लीवर, श्वेता गुलाटी, तेजस्विनी लोनारी, भरत दाभोलकर, विजय पाटकर, रेशम टिपनिस, निनाद कामत और जेसी लीवर ने दर्शकों को हंसाने की पूरी कोशिश की है। फिल्म में स्मार्ट वन लाइनर, कॉमिक पंचलाइन, हास्य और विचित्र मोड़ के साथ बेहतर स्टार कलाकारों द्वारा शीर्ष प्रदर्शन और मजेदार संगीत है। 'द डिफेक्टिव डिटेक्टिव्स' एक पैसा वसूल फिल्म है, जिसका बड़े पर्दे पर आनंद लिया जाना चाहिए। यह इतनी हल्की-फुल्की और मनोरंजक फिल्म है कि आप इसे अपने पूरे परिवार के साथ देखना पसंद करेंगे। इसे किसी भी कीमत पर देखना न भूलें।

# शहनाज ने पटना शुक्ला के लिए गाया गाना

बालीवुड एक्ट्रेस एवं सिंगर शहनाज गिल को अब एक नया और बड़ा चांस मिल गया है। शहनाज ने रवीना टंडन और मानव विज स्टारर फिल्म पटना शुक्ला के लिए एक प्लेबैक गाना गाया है। इस गाने का टाइटल दिल क्या इरादा तेरा और शहनाज ने इसका वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। शहनाज ने गाना शेयर करते हुए लिखा, फिल्म के लिए प्लेबैक सिंगर के तौर पर मेरा सबसे पहला (गाना)। अपनी पोस्ट में शहनाज ने बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान को भी शुक्रिया कहा, जो पटना शुक्ला के प्रोड्यूसर हैं। शहनाज गिल ने जब बिग बॉस 13 में हिस्सा लिया था, तभी से वो जनता की फेवरेट होने लगी थीं। शो पर वो सलमान के सबसे पसंदीदा कंटेस्टेंट्स में थीं और शो खत्म होने के बाद भी दोनों की बॉन्डिंग लगातार मजबूत बनी रही। सिद्धार्थ शुक्ला के निधन के बाद वाले समय में भी सलमान लगातार शहनाज के लिए खड़े नजर आए। शहनाज अक्सर सलमान के करीब दिखती रही हैं और ये माना जाता है कि सलमान उनके लिए गॉडफादर की तरह हैं। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक सलमान के साथ का फायदा शहनाज के करियर को खूब मिलता नजर आ रहा है। बिग बॉस से निकलने के बाद शहनाज म्यूजिक वीडियोज में तो नजर आ रही थीं मगर उनके एक्टिंग में पहला ब्रेक सलमान की ही फिल्म में मिला। दबंग खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में शहनाज को बॉलीवुड डेब्यू का मौका मिला। वैसे तो ये फिल्म बहुत खास नहीं चली, मगर शहनाज की स्क्रीन प्रेजेंस लोगों को अच्छी लगी।

शहनाज को इसके बाद थैंक्यू फॉर कमिंग में भी बड़ा रोल ऑफर हुआ। शहनाज सिर्फ सलमान के ही नहीं, बल्कि उनके परिवार और करीबियों की भी गुड-बुक्स में आती हैं। शायद इसी का फायदा है जो अब सलमान के भाई, अरबाज खान ने अपने प्रोडक्शन में बन रही फिल्म पटना शुक्ला में शहनाज को प्लेबैक डेब्यू का मौका दिया है। बता दें कि शहनाज गिल पिछले कुछ समय से बतौर एक्ट्रेस ज्यादा एक्टिव नजर आ रहीं



# अरबाज के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं मलाइका

बालीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोडा अपने पूर्व पति अरबाज खान के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं। इस दौरान जहां मलाइका अपनी मां के साथ थीं वहीं अरबाज के साथ उनकी पत्नी शूरा और पिता सलीम खान थे। डिनर करने के बाद जब सभी बाहर निकले तो कैमरा में स्पॉट हुए। इतना ही नहीं मलाइका की मां फिर सलीम खान के साथ कार में घर गईं। ये फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस उन सबके बीच बोंडिंग देख खुश हैं।
मलाइका काफी ग्लैमरस लग रही थीं। उन्होंने व्हाइट कलर के ट्यूब के साथ व्हाइट जैकेट व व्हाइट कलर के ही शॉर्ट्स पहने थे। दूसरी ओर, अरबाज व शूरा वहां आते-जाते एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। अरबाज ने डेनिम शर्ट और जीन्स पहनी थी, जबकि शूरा ब्लैक कलर के आउटफिट में दिखीं। सलमान खान के पिता सलीम खान रेस्टोरेंट से बाहर आकर जब गाड़ी का इंतजार कर रहे थे तो उस दौरान पैपराजी ने मलाइका और उनकी मां के साथ उनकी फोटो क्लिक कीं। अरबाज और शूरा फोटो के लिए सबके साथ नहीं आए। इस दौरान अलीजेह अग्निहोत्री, सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सजदेह और रवीना टंडन भी दिखीं।
अनुमान लगाया जा रहा है कि यह पार्टी 'पटना शुक्ला' फिल्म की वजह से हुई हो, जिसके प्रोड्यूसर अरबाज हैं। फिल्म शुक्रवार को रिलीज हुई। इसमें रवीना लीड रोल में हैं। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान अरबाज और शूरा की मुलाकात हुई थी। बता दें कि मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान का तलाक हुए लंबा समय हो गया है। उनके एक बेटा अरहान खान है। अरबाज ने पिछले साल के अंत में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ शादी कर ली थी।



# क्या मुन्ना त्रिपाठी की शो में वापसी होगी?



अगर आप भी मिर्जापुर 3 का इंतजार कर रहे हैं तो खबर आपके बहुत काम की है। मिर्जापुर अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे चर्चित वेब सीरीज है। दूसरे सीजन में मुन्ना त्रिपाठी को गुड्डू पंडित गोली मार देता है। लेकिन, क्या गुड्डू पंडित से चूक हो गई? क्या मुन्ना त्रिपाठी की शो में वापसी होगी?
शो के प्रोड्यूसर ने हाल में ये राज खोला है। मिर्जापुर 3 कब स्ट्रीम होने वाली है। ये इस वेब सीरीज के दीवाने तक से गुगल पर सर्च मार कर देख रहे हैं, जब से प्राइम वीडियो ने मिर्जापुर 3 का अनाउंस किया है। शो आएगा ये तय है, लेकिन कब? इसकी तारीख अभी तय नहीं है। शो में दिव्येंदु शर्मा ने मुन्ना भइया का किरदार निभाया था। जो फैन फेवरेट किरदार है। दूसरे सीजन के अंत में उसे मार दिया गया था। तभी से फैन्स इस कयास में बैठे हैं कि क्या तीसरे सीजन में उसकी वापसी होगी। फिल्म कंपेनियन के फ्रंट रो के दौरान शो के प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी से ये सवाल किया गया। उनसे पूछा गया कि क्या मुन्ना वाकई में कमबैक करेगा? इसका जवाब में उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से मुन्ना त्रिपाठी उस तरह से सीरीज में वापस नहीं आ सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन हो सकता है कि कुछ दिलचस्प हो जाए, जिसके लिए आपको इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कुछ ऐसा होगा, जिससे मुन्ना फिर से दर्शकों की जिंदगी में लौटेगा। लेकिन इसके लिए इंतजार करना होगा। रितेश के जवाब से यह तो पूरी तरह साफ नहीं है कि मिर्जापुर 3 में मुन्ना त्रिपाठी कैसे लौटेगा।

# आलिया के सपोर्ट में उतरे रणदीप हुड्डा

एक बार फिर से बालीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा एक्ट्रेस आलिया भट्ट के साथ अपने बॉन्ड पर बात करते हुए उनकी सपोर्ट में उतरे हैं। रणदीप का कहना है कि एक्ट्रेस को बेवजह टारगेट किया जाता है। एक्टर ने फिर कंगना की क्लास लगाते हुए कहा कि, अपने साथ के एक्टर्स और कलीग्स को टारगेट करना उस चीज को लेकर जो आपको नहीं मिला, जबकि मुझे लगता है कि आपको इंडस्ट्री से बहुत कुछ मिला है तो गलत है। मुझे लगता है कि मुझे करना चाहिए और मैंने किया। वो आगे कहते हैं, - हाइवे के दौरान मेरा आलिया के साथ स्प्रिचुअल बॉन्ड बन गया था। मुझे नहीं पता उनकी तरफ से कैसा था। ये उनपर है। मैं सिर्फ अपने लिए बोल सकता हूं। मैंने उन्हें हमेशा नई चीजें करते देखा है। मैं उनके लिए असल में खड़ा रहा क्योंकि उन्हें बेवजह टारगेट किया जा रहा था। बता दें, साल 2019 में कंगना ने फिल्म गली बॉय को लेकर आलिया को मजाक बनाया था। फिल्म में एक्ट्रेस की परफॉर्मेंस पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा था, मुझे शर्म आ रही है, गली बॉय में आलिया की परफॉर्मेंस में ऐसा क्या था। वही मुंह फट लड़की, महिला सशक्तिकरण और अच्छी एक्टिंग। मुझे इस शर्म से छोड़ो प्लीज। मीडिया ने फिल्मी बच्चों को बहुत ज्यादा प्यार दे दिया है। ये आम काम करने वालों को फालतू में पैम्पर मत करो। इस दौरान रणदीप आलिया के सपोर्ट में आए थे। उन्होंने आलिया के बचाव में ट्वीट किया था, डियर आलिया, उम्मीद है कि आप दूसरे एक्टर्स की ओपीनियन को खुद के ऊपर ज्यादा हावी नहीं होने दे रही हो। आपके अच्छे काम के लिए आपको बहुत बधाई। आलिया ने भी रणदीप के पोस्ट पर जवाब देते हुए स्माइली फेस कमेंट किया था। बता दें कि रणदीप हुड्डा और आलिया भट्ट ने साथ में सुपरहिट फिल्म हाइवे में काम किया है। इस दौरान दोनों का बॉन्ड अच्छा हो गया था। इस वजह से जब बेबाक कंगना रनौत ने आलिया को एक आम एक्टर कहा था, उस समय रणदीप ने एक्ट्रेस का सपोर्ट किया था।



# प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

## खुली जीप में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, सांसद जनरल वीके सिंह भी रहे मौजूद, फूलों की बारिश के बीच लगे जयकारे





**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** गाजियाबाद के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा। यहां पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो 5 बजकर 40 मिनट पर मालीवाड़ा चौक से शुरू हुआ। इस दौरान रोड शो का अद्भुत नजारा दिखाई दिया। रोड शो चौधरी मोड़ पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान पूरे रोड पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे।

जैसे ही रोड शो शुरू हुआ, वैसे ही जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा इलाका गूंज उठा। रोड शो में मोदी के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ तथा भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग भी मोदी के साथ वाहन पर सवार थे। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री योगी व प्रत्याशी अतुल गर्ग ने चुनाव चिह्न कमल का फूल भी ले रखा था। प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए लोग खासे उत्साहित दिख रहे थे। मोदी, योगी के नारे भी लगा रहे थे। कई भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी का मुखौटा भी पहने हुए हैं।

जिस रथ पर मोदी, योगी और प्रत्याशी अतुल गर्ग सवार थे, वह भगवा रंग में रंगी हुई थी। उनके साथ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और मौजूदा सांसद जनरल वीके सिंह भी थे। रोड शो के मद्देनजर गाजियाबाद में पुलिस ने कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था की थी। कई मार्गों को बंद कर दिया गया है। पीएम मोदी के गाजियाबाद आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता और पीएम मोदी के प्रशंसक काफी उत्साहित थे। लोग मोदी के झलक पाने के लिए आतुर थे। मोदी उनका अभिवादन स्वीकार कर रहे थे।

जैसे-जैसे मोदी का काफिला आगे बढ़ा, उत्साहित भीड़ का जोश देखने को मिला। लोग छतों पर खड़े होकर सड़क से गुजर रहे काफिले पर हाथ हिलाते और फूल बरसाते नजर आए। सड़क के किनारे खड़े लोग नेताओं की झलक पाने के लिए एक-दूसरे से होड़ करने लगे, फूल बरसाने लगे और उत्साह में नारे लगाने लगे।

गाजियाबाद में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। यहां भाजपा ने 2014 और 2019 में चुनाव जीत चुके केंद्रीय मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वी के सिंह की जगह इस बार राज्य सरकार के पूर्व मंत्री अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र का 2009 में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

गाजियाबाद में इस बार चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अतुल गर्ग को विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' गठबंधन के प्रमुख घटक कांग्रेस से डॉली शर्मा और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के नेतृत्व वाले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से नंद किशोर पुंडीर विशेष टक्कर दे रहे हैं।

मोदी ने इससे पहले शनिवार सुबह सहारनपुर में क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मोदी ने सहारनपुर से लेकर गाजियाबाद तक रैली और रोड शो करके पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का माहौल बनाया है। प्रधानमंत्री के गाजियाबाद में रोड शो शुरू होने से पहले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता लोगों को मिठाई बांटते नजर आए।

## आठों मंडलों में मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा का स्थापना दिवस पूरे नोएडा में ज़ोर शोर से मनाया। नोएडा के आठों मंडलों के सभी बूथ पर स्थापना दिवस मनाया गया। सुल्तानपुर के बूथ नंबर 724 पर जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता के साथ डा नरेश शर्मा ने भाजपा का स्थापना दिवस मनाया।



इस मौक़े पर मनोज गुप्ता ने कहा कि हमारी पार्टी देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति से मुक्त करने के लिए संकल्पबद्ध है। आज भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का हम सबको अभिनंदन करना चाहिए, जिनके अथक परिश्रम के बलबूते पर आज भाजपा को भारत की ही दुनिया का नंबर वन राजनीतिक दल बनाया है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रही है। इस पुनीत कार्य में हमें जनता-जनार्दन का आशीर्वाद भारत के हर कोने से मिल रहा है।

इसके साथ ही सभी ने ग्राम सुल्तानपुर, रायपुर, असगरपुर, बख्तावरपुर में जनसंपर्क भी किया। इस मौक़े पर जिला महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, महेश चौहान, उमेश यादव, प्रदीप चौहान, सत्यप्रकाश त्यागी, नरेंद्र त्यागी, जगदीश शर्मा, महेश चौहान, सुरेंद्र त्यागी, राजकरण त्यागी, नथुराम त्यागी, राहुल त्यागी, विजय त्यागी, धर्मेंद्र शर्मा, विकाश कुंडिया, विकाश शर्मा, सूरजपाल राणा, नीरज चौहान, केशव पंडित, पुष्कल गुप्ता, अंकुश चौधरी, सतपाल अवाना, संदीप अवाना, भगत भाटी, विपिन तवर, सुदेश अवाना, पाले प्रधान, राजवीर प्रधान मौजूद रहे।

## नौकरी का झांसा देकर महिला से 3.77 लाख रुपये ठगे

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-24 क्षेत्र के एक महिला से घर बैठे नौकरी का झांसा देकर 3.77 लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-12 की पूजा भारती ने दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि पिछले दिनों वह सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर घर बैठे नौकरी करने के बारे में मैसेज देख रही थीं। इसी दौरान साइबर ठग ने उन्हें एक ग्रुप में जोड़ लिया। इसके बाद प्रीपेड टास्क दिए। आरोपितों ने उन्हें अधिक धन कमाने का झांसा दिया। पीड़िता को ऑनलाइन टास्क मिलते गए और वह उन्हें पूरा करती गईं। पीड़िता का कहना है कि 29 और 30 मार्च 2024 के बीच उन्होंने सात बार में विभिन्न बैंक खातों में 3,77,150 रुपये ट्रांसफर कर दिए। रुपये निकालने पर पीड़िता से कहा गया कि वह जब तक लेवल पूरा नहीं करेंगी, तब तक धनराशि नहीं निकाल सकती हैं। जब पीड़िता ने और धनराशि देने से इन्कार कर दिया तो उनका खाता फ्रीज कर दिया। पीड़िता का कहना है कि वह पहले से ही ऋण संबंधी मामले से जूझ रही हैं, जबकि साइबर अपराधी उस धनराशि को निकालने के लिए दो लाख रुपये और मांग रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने हाल ही में 9 मार्च 2024 में एक बच्ची को जन्म दिया है। धोखाधड़ी की वारदात के बाद वह बेहद परेशान हैं। इसके चलते वह नवजात पर भी ध्यान नहीं दे पा रही हैं। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## जिस सेक्टर में सबसे अधिक मतदान, उस आरडब्ल्यूए का सम्मान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए फेडरेशन ऑफ़ नॉएडा रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) कि बैठक हुई जिसमें मतदान बढ़ाने के विषय पर चर्चा हुई।



बैठक में फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि फोनरवा द्वारा सभी सेक्टर में नागरिकों को जागरूक करने के लिए बैनर लगाए जाएंगे और जिस सेक्टर में सबसे अधिक मतदान होगा उस सेक्टर की आरडब्ल्यूए को पुरस्कृत किया जाएगा।

महासचिव के के जैन ने कहा कि इस अभियान के दौरान मतदाताओं को उत्साहित करने और जागरूकता फैलाने के साथ-साथ फोनरवा व आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के द्वारा नागरिकों को लोकसभा चुनाव कि लोकतांत्रिक यात्रा में सक्रिय भागीदार होने के लिए जिम्मेदारी और गर्व की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय भाटी, अशोक कुमार मिश्रा, सुशील यादव, अशोक शर्मा, लाटसाहब लोहिया एडवोकेट, देवेंद्र कुमार, सुशील कुमार शर्मा, राजेश सिंह, भूषण शर्मा,वैगराज गुज्जर तथा अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## सीएम योगी को गाली देने वाले के खिलाफ एफआईआर कराने की मांग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में तथाकथित किसान नेता ठाकुर भानू प्रताप सिंह के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। ठाकुर भानू प्रताप सिंह के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को गाली देने का ऑडियो खूब वायरल हो रहा हैं। ठाकुर भानू प्रताप सिंह के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग नोएडा में हुई एक प्रेस-कांफ्रेंस में की गई।



आपको बता दें कि सेक्टर-29 में नोएडा मीडिया क्लब स्थापित है। शनिवार को नोएडा मीडिया क्लब में एक प्रेस-कांफ्रेंस आयोजित की गयी है। नोएडा में हुई प्रेस कांफ्रेंस में ठाकुर भानू प्रताप सिंह के संगठन भारतीय किसान यूनियन (भानू) के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक देवेंद्र कुमार त्यागी ने बताया कि उन्होंने यूनियन के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी महेंद्र सिंह के साथ दिल्ली जाकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन करने के लिए पत्र दिया था। इस बात की जानकारी मिलने पर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह नाराज हो गए।

उन्होंने आगे बताया कि 1 अप्रैल को वह अपने साथियों के साथ ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज कॉलेज में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में हिस्सा लेने के लिए भी पहुंचे थे। इस दौरान ठाकुर भानु प्रताप ने उन्हें फोन कॉल की और वार्तालाप के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा को गंदी गाली देकर अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिए जाने पर उन्हें ठाकुर भानु प्रताप सिंह द्वारा धमकाया गया। देवेंद्र त्यागी के मुताबिक यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राष्ट्रीय प्रचार मंत्री द्वारा भी उन्हें व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकी दी गई है।

उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर ही भाजपा को अपना समर्थन दे रहे हैं। भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा फोन पर गाली गलौच व अभद्र व्यवहार करने के आरोप में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने के लिए शिकायती पत्र दिया गया है।

गाली दिए जाने की वायरल ऑडियो की भी उन्होंने निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है। इस मौके पर भाकियू (भानू) के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र त्यागी, निर्दोष त्यागी, सुभाष, मनोज कुमार त्यागी आदि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**नोएडा में हुई प्रेस कांफ्रेंस में किसान नेता देवेन्द्र कुमार त्यागी तथा चौ0 महेन्द्र सिंह ने एक पत्र भी पत्रकारों को सौंपा। यह पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा गया है।**

